
संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

**छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं।**



**25 अप्रैल : जब 'बुद्धू बक्सा' हुआ रंगीन, 1982 ने बदल गई भारत की टीवी दुनिया**

पूर्णिया ,शनिवार 25 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com डेली डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 03 , अंक 012

# इस बार बंगाल के कुछ जिलों में तृणमूल कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा : प्रधानमंत्री

**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद राज्य की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर और दमदम में आयोजित दो बड़ी जनसभाओं में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पहले चरण के मतदान ने राज्य में परिवर्तन की लहर पर मुहर लगा दी है और कुछ



जिलों में तृणमूल कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलेगा।

**पहले चरण के मतदान से 'परिवर्तन की लहर' का दावा** दमदम की रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान हुआ है, जो जनता के बदलाव के मूड को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता अब तृणमूल कांग्रेस की सरकार से तंग आ चुकी है और भाजपा की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। उन्होंने मतदाताओं से आगामी चरणों में भी भारी मतदान करने की अपील की।

**तृणमूल पर सिंडिकेट राज और बेरोजगारी का आरोप** प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में सिंडिकेट राज के कारण उद्योगों को नुकसान हुआ है और युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास बाधित हुआ है और बेरोजगारी बढ़ी है।

**जादवपुर विश्वविद्यालय और कानून-व्यवस्था पर सवाल :** बारुईपुर की सभा में प्रधानमंत्री ने जादवपुर विश्वविद्यालय के माहौल पर चिंता जताते हुए कहा कि वहां धमकियों, राष्ट्रविरोधी नारों और राजनीतिक दबाव की घटनाएं चिंताजनक हैं। उन्होंने राज्य सरकार से सवाल किया कि जब वह शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पा रही, तो पूरे राज्य का शासन कैसे संभालेगी।

**महिलाओं, मध्यम वर्ग और विकास पर जोर :** दमदम रैली में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, आवास और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने ₹5 लाख तक के मुफ्त इलाज, आयुष्मान भारत योजना के विस्तार और मध्यम वर्ग के लिए कर राहत का वादा किया। साथ ही उन्होंने दावा किया कि दोहरे इंजन की सरकार से विकास की गति तेज होगी।

**01 : दमदम क्षेत्र में जलभराव, ट्रैफिक जाम और बुनियादी ढांचे की समस्याओं को गंभीर बताया।**

**02 : प्रधानमंत्री मोदी ने मतदाताओं से अधिक मतदान कर भाजपा को समर्थन देने की अपील की।**

ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री के बयानों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जादवपुर विश्वविद्यालय को लेकर की गई टिप्पणी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की योग्यता के लिए जाना जाता है और उसे अराजकता के रूप में पेश करना गलत है। प्रधानमंत्री ने अंत में कहा कि 4 मई को आने वाले परिणाम के बाद जनता का फैसला स्पष्ट होगा और बंगाल में परिवर्तन तय है।

## ईरानी अधिकारियों ने मोजतबा खामेनेई की गंभीर शारीरिक चोटों पर चिंता जताई

**तेहरान ,** (हि.स.) तेहरान में मोजतबा खामेनेई की कथित गंभीर शारीरिक चोटों को लेकर चिंता बढ़ गई है। रिपोर्टों के अनुसार शुरुआती संघर्ष के दौरान अमेरिकी हमले में उन्हें चेहरे और पैर पर गंभीर जलन व हड्डी क्षति हुई थी, जिसके बाद कई सर्जरी की आवश्यकता पड़ी। कुछ सूत्रों का दावा है कि उनकी स्थिति लंबे समय तक प्रभाव डाल रही है और संभवतः उन्हें पुनर्निर्माण सर्जरी या कृत्रिम अंग की जरूरत पड़ सकती है। हालांकि ईरानी अधिकारी उन्हें मानसिक रूप से सक्षम और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय बताते हैं। दावों के मुताबिक उनकी सीमित सार्वजनिक उपस्थिति और स्वास्थ्य गोपनीयता ने सत्ता संरचना में बदलाव किया है, जहां इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की भूमिका बढ़ गई है। इससे ईरान के शीर्ष नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया को लेकर अनिश्चितता और चर्चाएं तेज हो गई हैं, विशेषकर अमेरिका ईरान तनाव के बीच स्थिति महत्वपूर्ण बनी हुई है। ईरान में नेतृत्व की स्थिति और स्वास्थ्य संबंधी अटकलें राजनीतिक स्थिरता तथा सैन्य निर्णयों पर असर डाल रही हैं और आंतरिक सत्ता संतुलन को प्रभावित कर रही हैं।

## 300 से 400 वर्ष पुरानी पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए पूर्णिया में सम्मान समारोह आयोजित

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

भारत सरकार के अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम "ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण" के तहत शुक्रवार को समाहरणालय, पूर्णिया में पांडुलिपियों के संरक्षण और संवर्धन को लेकर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण को प्रोत्साहित करना था।



**संग्रहकर्ताओं को किया गया सम्मानित :** इस अवसर पर केनगर प्रखंड के चंपानगर निवासी त्रिलोकनाथ पाठक, विभूति नाथ पाठक, मधुबनी पूर्णिया के विद्यानंद झा तथा पूर्णिया के वरिष्ठ कलाकार राजीव राज को पांडुलिपियों के संरक्षण हेतु जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया।

**300 से 400 वर्ष पुरानी धरोहर:** सम्मानित संग्रहकर्ताओं ने बताया कि उनके पास सुरक्षित पांडुलिपियां 300 से 400 वर्ष पुरानी हैं, जिन्हें उनके पूर्वजों ने पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित रखा है और आज भी परिवार उनकी देखभाल कर रहा है।

**डीएम ने दिया संरक्षण का संदेश :** जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने कहा कि ये पांडुलिपियां हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को भारत की समृद्ध विरासत से परिचित कराएंगी।

## केंद्र सरकार ने 75 लाख से अधिक वंचित छात्रों की शिक्षा के लिए जारी किए 7,981 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, ,** (हि.स.)

**01: पूर्व-मैट्रिक छात्रवृत्ति में 21%, स्नातकोत्तर में 11.23% और केंद्रीय छात्रवृत्ति में 13.5% की बढ़ोतरी हुई है।**

**02: सरकार का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से सामाजिक समानता, समावेशी विकास और वंचित वर्गों का उत्थान करना है।**

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में वंचित वर्ग के छात्रों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए 7,981.47 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। यह धनराशि




मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) के विद्यार्थियों को शैक्षणिक अवसर बढ़ाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से दी गई है।

**छात्रवृत्ति योजनाओं में वृद्धि** मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे छात्रों को उच्च शिक्षा की दिशा में बेहतर वित्तीय सहायता मिल रही है। प्रमुख योजनाओं का विस्तार पूर्व-मैट्रिक छात्रवृत्ति में 21 प्रतिशत, स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति में 11.23 प्रतिशत और केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है।

**सरकार का सामाजिक न्याय पर जोर:** केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार एससी, ओबीसी, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर और अन्य वंचित समूहों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा निवेश को सामाजिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया है

**शिक्षा सशक्तिकरण पर बड़ा निवेश:** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार, यह राशि 75 लाख से अधिक वंचित छात्रों तक पहुंचने की योजना का हिस्सा है। सरकार का लक्ष्य शिक्षा के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक समानता को मजबूत करना है।

**'श्रेष्ठा' योजना को भी बढ़ावा;** लक्षित क्षेत्रों के छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना 'श्रेष्ठा' में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दायरा बढ़ा है।

## राघव चड्ढा का आम आदमी पार्टी से इस्तीफा, दो तिहाई सांसदों के साथ भाजपा में विलय की घोषणा

**नई दिल्ली, ,** (हि.स.)नई दिल्ली में राजनीतिक हलचल नई दिल्ली में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) में बड़ी राजनीतिक टूट देखने को मिली। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा समेत पार्टी के 7 सांसदों ने भाजपा में विलय की घोषणा कर दी, जिससे राजनीतिक हलचल तेज हो गई।



**पत्रकार वार्ता में हुआ ऐलान** कॉन्स्टीच्यूशन क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने पार्टी छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा के 10 में से 7 सदस्यों ने मिलकर भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है और इसके दस्तावेज सभापति को सौंप दिए गए हैं।

**पार्टी पर गंभीर आरोप** राघव चड्ढा ने आआपा पर अपने मूल सिद्धांतों से भटकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी अब देशहित की बजाय निजी हितों के लिए काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह गलत कार्यों का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे।

**दलबदल कानून का असर** संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत दो-तिहाई सांसदों के एक साथ जाने पर सदस्यता रद्द नहीं होती। इस विलय के बाद राज्यसभा में आआपा की संख्या घटकर 3 रह गई, जबकि भाजपा की ताकत 106 से बढ़कर 113 हो गई।

**पार्टी में विवाद की पृष्ठभूमि**

बताया जा रहा है कि 2 अप्रैल को राघव चड्ढा को उपनेता पद से हटाए जाने के बाद विवाद गहरा गया था। इसी घटनाक्रम के बाद 22 दिनों में पार्टी में बड़ा राजनीतिक संकट पैदा हो गया और अंततः टूट की स्थिति बन गई।

## स्वाति मालिवाल ने पार्टी छोड़ने की घोषणा कर कहा, आदर्शों से भटक चुकी है आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली, ,** (हि.स.) राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देकर राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आआपा अपने मूल आदर्शों से भटक गई है और भीतर भ्रष्टाचार व अनियमितताएं बढ़ी हैं।



**राजनीतिक पृष्ठभूमि और योगदान :** आरटीआई आंदोलन, अन्ना आंदोलन और दिल्ली महिला आयोग में कार्य कर चुकीं स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा कि 2006 से वे देशसेवा में सक्रिय रहीं और ईमानदार राजनीति के संकल्प के साथ आम आदमी पार्टी से जुड़ी थीं। उन्होंने लंबे समय तक संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई।

**पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप** उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के संरक्षण में पार्टी में भ्रष्टाचार, महिलाओं के साथ उत्पीड़न, मारपीट और गुंडा तत्वों को बढ़ावा मिला है। साथ ही उन्होंने अपने साथ अभद्रता और धमकी दिए जाने का भी दावा किया, जिससे वे बेहद आहत हुईं।

**आगे की स्थिति :** मालीवाल ने कहा कि वे वर्तमान में इटानगर में संसदीय समिति की बैठक में हैं और वहां से लौटकर शनिवार को विस्तार से अपनी बात रखेंगी। इसी बीच उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय सार्वजनिक किया।

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, रुस-यूक्रेन युद्ध में 10 भारतीय नागरिकों की मौत हुई

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध में अब तक 10 भारतीय नागरिकों की मौत हो चुकी है। सरकार के अनुसार ये सभी लोग स्वेच्छा से अनुबंध के तहत रूस गए थे। यह जानकारी उस याचिका की सुनवाई के दौरान दी गई जिसमें 26 भारतीयों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनके रिश्तेदारों को धोखे से या जबरन युद्ध में शामिल किया गया।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने मामले को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए सावधानीपूर्वक निपटाने की बात कही। केंद्र की ओर से एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने



कहा कि कुछ लोग एजेंटों के झांसे में आए, जबकि कुछ ने स्वेच्छा से अनुबंध किए थे। एक एजेंट को गिरफ्तार भी किया गया है।

विदेश मंत्रालय प्रभावित परिवारों के लगातार संपर्क में है और सहायता प्रदान कर रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार कुल 215 भारतीय रूस गए थे, जिनमें से 26 के परिजनों ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मामले की आगे सुनवाई जारी रहेगी। अदालत में आगे सुनवाई

## जीएसटी विभाग में तीन असिस्टेंट कमिश्नर सहित 162 का स्थानांतरण

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक अनियमितताओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। 8 अप्रैल 2026 को आईटीओ स्थित स्टेट जीएसटी कार्यालय के औचक निरीक्षण में मिली गंभीर अनियमितताओं और अधिकारियों की अनुपस्थिति पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर तीन असिस्टेंट कमिश्नर सहित कुल 162 अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला किया गया है।



इस कार्रवाई में एक ही स्थान पर तीन वर्ष से अधिक समय से कार्यरत कर्मियों को हटाया गया, जिनमें 58 सेक्शन ऑफिसर, 22 असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर, 74 सीनियर असिस्टेंट और 5 जूनियर असिस्टेंट शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अनुशासन सभी स्तरों पर समान रूप से लागू होगा और बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी तथा भविष्य में भी औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

## पश्चिम बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में एनआईए को मिली चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति

**नई दिल्ली**, (हि.स.)।

- **अधिकारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में शामिल थे।**

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के मामले में एनआईए को जांच पूरी कर चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति दे दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह आदेश दिया। अदालत ने कहा कि अब एनआईए को आगे स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने की जरूरत नहीं है। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने ताजा स्टेटस रिपोर्ट पेश की, जिसके बाद यह निर्णय लिया



गया।मामले में अदालत ने 1 अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पत्र के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया था और जांच एनआईए को सौंपी थी।घटना में मालदा जिले के एक बीडीओ कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान सात न्यायिक अधिकारियों को करीब साढ़े तीन घंटे तक बंधक बनाया गया था। आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई नहीं होने पर सवाल उठे थे। बाद में रात करीब 12 बजे सभी अधिकारियों को मुक्त कराया गया था।

## अभि-नील हत्याकांड के 20 दोषियों को उम्रकैद की सजा





**नगांव (असम),** (हि.स.)। बहुचर्चित अभि-नील हत्याकांड में नगांव जिला एवं सत्र न्यायालय ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए 20 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद आए इस फैसले को मामले में अहम मोड़ माना जा रहा है। इससे पहले 20 अप्रैल को अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था।

8 जून 2018 को कार्बी आंगलोंग के डोकमका में घूमने गए युवा संगीतकार निलोत्पल दास और अभिजीत नाथ पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसमें उनकी हत्या कर दी गई थी। यह घटना राज्यभर में आक्रोश का कारण बनी थी। अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर निर्णय सुनाया। दोषियों में बिश्वराम स्वर्गियारी, पानटेंग बसुमतारी, आलाफाजक्रोज तिमुंग समेत 20 लोग शामिल हैं। पीड़ित परिवारों ने फैसले पर असंतोष जताया है।

# बिहार विधानसभा में राजग ने साबित किया बहुमत,ध्वनि मत से पारित हुआ विश्वास मत

## मुख्यमंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नीतीश कुमार का जताया आभार

पटना, (हि.स.) पटना, 24 अप्रैल। बिहार विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने मजबूती के साथ अपना बहुमत साबित कर दिया। सदन में विश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हुआ, जिससे सरकार को औपचारिक रूप से विश्वास मत हासिल हो गया। **ध्वनि मत से पारित हुआ विश्वास प्रस्ताव:** विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मतदान की नौबत ही नहीं आई और ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित हो गया। राजग के सभी सहयोगी दलों के विधायकों ने बारी-बारी से सरकार के समर्थन में अपनी बात रखी, जिससे सरकार की संख्या बल की स्थिति स्पष्ट हो गई। यह




सत्र पूरी तरह शक्ति प्रदर्शन के रूप में सामने आया, जहां विपक्ष सरकार को चुनौती देने में कमजोर नजर आया। **शपथ के बाद पहला बड़ा इम्तिहान:** सम्राट चौधरी ने 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जगह यह जिम्मेदारी संभाली। उनके साथ जदयू कोटे से विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। विधानसभा में विश्वास मत हासिल करना उनके नेतृत्व की पहली बड़ी राजनीतिक परीक्षा थी, जिसे उन्होंने आसानी से पार कर लिया। **पीएम मोदी से लेकर नीतीश कुमार तक जताया आभार** विश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा नेतृत्व और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राजग के सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी किसी की बपौती नहीं है, बल्कि यह 14 करोड़ जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। **विपक्ष पर हमला, लालू यादव पर साधा निशाना:** अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता किसी एक परिवार या व्यक्ति की जागीर नहीं हो सकती। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके शासनकाल के अत्याचारों ने ही उन्हें राजनीति में मजबूती दी। उन्होंने यह भी दावा किया कि लालू यादव ने उनके परिवार के 22 सदस्यों को जेल भेजा था और बाद में अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी थी। **'ट्रिपल सी' पर जीरो टॉलरेंस की नीति:** मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए "ट्रिपल सी" यानी क्राइम, करप्शन और कम्युनलिज्म पर सख्त रुख अपनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इन तीनों मामलों में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर उन्होंने कड़ा संदेश दिया कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। **विकास और सुशासन का दोहराया संकल्प:** सत्र के अंत में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विकास, सुशासन और जनहित को अपनी सरकार की प्राथमिकता बताते हुए प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि उनकी सरकार जनता के भरोसे पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**महिला सुरक्षा और प्रशासनिक सुधार पर जोर:** सम्राट चौधरी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को पुलिस "पाताल से भी खोज निकालेगी।" इसके साथ ही उन्होंने ब्लॉक, अंचल और थाना स्तर पर सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सीधी निगरानी की बात कही। लोक सेवा का अधिकार कानून, भूमि पोर्टल, ई-म्यूटेशन और ई-मैपिंग को और प्रभावी बनाने का भरोसा भी दिया।

**सड़क दुर्घटना में मुआवजा बढ़ाने की घोषणा:** मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण जनहित घोषणा करते हुए कहा कि अब सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पीड़ित परिवार को कुल 8 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। इसमें 4 लाख रुपये बीमा कंपनी और 4 लाख रुपये राज्य सरकार की ओर से दिए जाएंगे। इस फैसले को आम जनता के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है।

**तेजस्वी के बयान पर हंगामा, विजय चौधरी हुए भावुक:** सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने नीतीश कुमार को "फिनिश" कर दिया। इस बयान पर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी अपने संबोधन के दौरान भावुक हो गए। उन्होंने नीतीश कुमार को याद करते हुए कहा कि एक दूरदृष्टि वाला नेता अब सदन में उनके साथ नहीं है, जिससे एक खालीपन महसूस हो रहा है।

"ट्रिपल सी" (क्राइम, करप्शन, कम्युनलिज्म) पर जीरो टॉलरेंस का ऐलान

महिलाओं के खिलाफ अपराधियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा

सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 8 लाख मुआवजे की घोषणा

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रभावी प्रबंधन पर जोर

पटना, (हि.स.) शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा अधिवेशन भवन में आयोजित एक दिवसीय उच्चस्तरीय कार्यशाला में राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाने को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सहभागिता करते हुए क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (DPO) तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (BEO) के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। कार्यशाला का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना रहा। **FLN अभियान और नामांकन को प्राथमिकता:** प्राथमिक





**लर्निंग आउटकम्स को बनाया गया केंद्र बिंदु:** अपने संबोधन में मंत्री ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था का वास्तविक आकलन केवल प्रक्रियाओं से नहीं, बल्कि छात्रों के सीखने के परिणाम यानी लर्निंग आउटकम्स के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षक प्रशिक्षण के प्रभाव का आकलन नियमित रूप से किया जाए और यह सुनिश्चित हो कि प्रशिक्षण का सीधा लाभ छात्रों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए परिणाम आधारित दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य है।

**संसाधनों के कुशल प्रबंधन पर जोर:** कार्यशाला के प्रारंभिक सत्र में अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग ने प्रतिभागियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए संसाधनों का सटीक आकलन और बेहतर प्रबंधन आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रखंडवार स्वीकृत और रिक्त पदों का अद्यतन करने का निर्देश दिया, ताकि उपलब्ध मानव संसाधन का संतुलित उपयोग हो सके। इसके साथ ही मॉडल स्कूलों के प्रभावी संचालन, SOP के अनुपालन और विद्यालय भवनों को आकर्षक बनाने पर भी बल दिया गया।

शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (FLN) अभियान को मजबूती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में बुनियादी पढ़ने-लिखने और गणना की क्षमता विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सघन नामांकन अभियान चलाने और टोला सेवक व तालीमी मरकज के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। **प्रशासनिक दक्षता और अनुशासनिक प्रक्रिया पर प्रशिक्षण:** महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने अनुशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया को "क्या, कब और कैसे" के आधार पर विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्रवाई के लिए ठोस साक्ष्य, समयबद्ध प्रक्रिया और पारदर्शिता आवश्यक है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के पालन को अनिवार्य बताते हुए उन्होंने केस स्टडी के माध्यम से अधिकारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही, सेंसस निदेशक द्वारा स्व-गणना (Self Enumeration) प्रक्रिया पर तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया। **नवाचार, तकनीक और नीतिगत पहल पर चर्चा:** कार्यशाला में केरल, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र और तेलंगाना जैसे राज्यों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों के अनुभव साझा किए गए। इसके अतिरिक्त नई शिक्षा नीति (NEP 2020), शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, HRMS, PMS पोर्टल, ई-शिक्षाकोष, न्यायालयीन वाद और प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यशाला शिक्षा प्रणाली को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## विद्यालयों में हीटवेव, मलेरिया एवं जेई-एईएस से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित



पटना, (हि.स.) जिलाधिकारी, पटना के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के जिला-स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच हीटवेव/लू, मलेरिया एवं जेई-एईएस जैसी बीमारियों के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को इन रोगों के प्रमुख लक्षणों, समय पर उपचार की आवश्यकता तथा रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने विशेष रूप से गर्मी के मौसम में लू से बचाव, साफ-सफाई बनाए रखने, मच्छरजनित रोगों से सुरक्षा तथा सतर्कता बरतने के तरीकों पर प्रकाश डाला। साथ ही ''क्या करें और क्या न करें'' के सिद्धांतों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से सेन्सिटाइज किया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, जिला आईडीएसपी पदाधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने शिक्षकों और छात्रों से अपील की कि वे इस जानकारी को अपने परिवार एवं समुदाय तक पहुँचाएं, ताकि इन रोगों से प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। अभियान का उद्देश्य जन-जन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।

# जिला पदाधिकारी, पटना ने एलपीजी आपूर्ति एवं पीएनजी कनेक्शन की प्रगति की समीक्षा की

पटना, (हि.स.) जिला पदाधिकारी, पटना ने एलपीजी गैस आपूर्ति, वितरण एवं पीएनजी कनेक्शन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं की हर सुविधा का ध्यान रखने तथा पारदर्शी तरीके से गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कालाबाजारी, होर्डिंग, ओवरप्राइसिंग और अवैध उपयोग की शिकायत मिलने पर तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। **एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य:** बैठक में बताया गया कि जिले में एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य



और सुचारू है। पटना जिले में कुल 136 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं तथा उपभोक्ताओं की संख्या 16,65,360 है। वर्तमान में सभी एजेंसियों और तेल विपणन कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी उपलब्ध है। अब तक 18,60,185 बुकिंग दर्ज की जा चुकी है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है। **पीएनजी सुविधा को मिशन मोड में विस्तार:** जिलाधिकारी ने पीएनजी कनेक्शन की सुविधा को मिशन मोड में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही प्रवासी श्रमिकों के हितों का संरक्षण और सभी हितधारकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने पर

**अफवाहों से बचाव और हेल्पलाइन सक्रिय:** जिलाधिकारी ने अफवाहों पर तुरंत खंडन करने तथा केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पैनिक बुकिंग से बचें और घर से ही रिफिल बुक करें। गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय है। किसी भी समस्या के लिए 24x7 जिला एलपीजी गैस हेल्पलाइन 0612-2219810 पर संपर्क किया जा सकता है, जहां त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

भी जोर दिया गया।

# तेजस्वी यादव का भाजपा पर नीतीश कुमार को दबाव डालकर हटाने का आरोप

पटना, (हि.स.) बिहार विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद सियासत तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार की वैधता, नेतृत्व और राजनीतिक परिस्थितियों पर कई सवाल खड़े किए। **भाजपा नेतृत्व पर उठाए सवाल:** तेजस्वी ने सवाल किया कि क्या बिहार में भाजपा या आरएसएस का कोई "ओरिजनल" मुख्यमंत्री बना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान नेतृत्व की राजनीतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग दलों से जुड़ी रही है,



जिससे भाजपा के भीतर भी असंतोष होना स्वाभाविक है। **सम्राट चौधरी की योग्यता पर तंज:** नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की शैक्षणिक योग्यता और उम्र को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि मुख्यमंत्री कितने शिक्षित हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। **राजनीतिक अस्थिरता पर चिंता** तेजस्वी यादव ने बिहार में लगातार बदलती सरकारों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में पांच सरकारें बन चुकी हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नीतीश कुमार को पद छोड़ना था, तो चुनाव के समय ही इसकी घोषणा की जानी चाहिए थी।

**नीतीश कुमार को लेकर गंभीर आरोप:** विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत में तेजस्वी यादव ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दबाव और अपमान के जरिए पद से हटाया गया। उन्होंने कहा कि यह बात किसी से छिपी नहीं है और इसके पीछे राजनीतिक दबाव की बड़ी भूमिका रही है।

# 25 अप्रैल : जब 'बुद्धू बक्सा' हुआ रंगीन, 1982 ने बदल गई भारत की टीवी दुनिया



एक समय था जब सिनेमा के पर्दे पर चलती-फिरती तस्वीरें देखकर लोग चकित रह जाते थे। फिर तकनीक ने करवट ली और टेलीविजन के रूप में यह जादू लोगों के घरों तक पहुंच गया। उस दौर में घर की हैसियत का अंदाजा उसकी छत पर लगे एंटेना से लगाया जाता था। शाम होते ही एंटेना घुमाने और नीचे से आवाज लगाने—"आया क्या?"—जैसे दृश्य आम थे, जो उस समय की यादों का अहम हिस्सा बन चुके हैं।

भारत में टेलीविजन का आगमन अपने आप में बड़ी घटना थी, लेकिन उससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब श्वेत-श्याम प्रसारण रंगीन हो गया। 25 अप्रैल 1982 का दिन भारतीय प्रसारण इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जब दूरदर्शन ने ब्लैक एंड व्हाइट से रंगीन प्रसारण की ओर कदम बढ़ाया।

रंगीन प्रसारण की शुरुआत ने न केवल दर्शकों के देखने के अनुभव को बदला, बल्कि मनोरंजन, समाचार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति को भी नया आयाम दिया। इसके बाद टेलीविजन तेजी से हर घर की जरूरत बनता गया और देश के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया।

विशेषज्ञों के अनुसार, 1980 के दशक में आया यह बदलाव भारत में तकनीकी प्रगति और जनसंचार के विस्तार का प्रतीक था। रंगीन टीवी के आगमन ने लोगों की सोच, मनोरंजन के तरीके और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाला।

आज भले ही डिजिटल और स्मार्ट तकनीक का दौर हो, लेकिन 'बुद्धू बक्सा' के उस रंगीन होने का जादू और उससे जुड़ी यादें अब भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं।

# सदियों पुरानी धरोहरों को मिला सम्मान, पांडुलिपि संरक्षण में जुटे लोगों को जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया सम्मानित

## जिला प्रशासन की पहल पर समाहरणालय में भव्य समारोह, 300-400 वर्ष पुरानी धरोहरों को सहेजने वालों का हुआ अभिनंदन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी 'ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्यक्रम' को धरातल पर प्रभावी बनाने की दिशा में पूर्णिया जिला प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है। शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में उन लोगों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सदियों पुरानी पांडुलिपियों को सहेजकर हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखा है।
कार्यक्रम में के.नगर प्रखंड के चंपानगर निवासी त्रिलोकनाथ पाठक, विभूति नाथ पाठक, मधुबनी (पूर्णिया) के पंजीकार विद्यानंद झा तथा वरिष्ठ कलाकार राजीव राज को जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनके योगदान की सराहना है, बल्कि समाज को विरासत संरक्षण के प्रति प्रेरित करने का संदेश भी है।



**'ज्ञान भारतम्' से जागी विरासत बचाने की चेतना, सदियों पुरानी पांडुलिपियों के संरक्षण को मिला सम्मान**

**सदियों की धरोहर, पीढ़ियों की जिम्मेदारी:** : सम्मानित संग्रहकर्ताओं ने बताया कि उनके पास मौजूदपांडुलिपियां लगभग 300 से 400 वर्ष पुरानी हैं, जिन्हें उनके पूर्वजों ने अत्यंत सावधानी से संरक्षित किया। यह परंपरा आज भी उसी निष्ठा के साथ जारी है, जो हमारी ऐतिहासिक निरंतरता और सांस्कृतिक गहराई को दर्शाती है।





**प्रशासन की प्राथमिकता में विरासत संरक्षण:** जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने कहा कि पांडुलिपियां हमारी सभ्यता की जीवंत पहचान हैं। इनका संरक्षण केवल अतीत को बचाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल को जिला स्तर पर सफल बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



**सरकार की राष्ट्रीय पहल को जिला स्तर पर मिला मजबूती, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को नई दिशा**

**उपस्थित रहे अधिकारी**
इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अंजनि कुमार, अपर समाहर्ता रवि राकेश, अपर समाहर्ता (विधि-व्यवस्था) राजकुमार गुप्ता, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पंकज कुमार पटेल एवं के.नगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।
पूर्णिया में आयोजित यह समारोह न केवल सम्मान का अवसर बना, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजना सामूहिक जिम्मेदारी है। 'ज्ञान भारतम्' जैसी पहलें इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।

**सरकारी पहल को मिला जनसहयोग:** यह कार्यक्रम इस बात का उदाहरण है कि जब सरकार की योजनाओं को स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी मिलती है, तो उनका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। 'ज्ञान भारतम्' कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में बिखरी अमूल्य पांडुलिपियों को खोजने, संरक्षित करने और डिजिटल रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

# शेक्सपियर दिवस परइंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मे भव्य सांस्कृतिक आयोजन, विद्यार्थियों ने मंचन से मोहा मन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (गर्ल्स स्कूल), लाइन बाजार, पूर्णिया में आज महान नाटककार विलियम शेक्सपियर की जयंती के अवसर पर "शेक्सपियर दिवस" का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया।





**▪ शेक्सपियर 462 वर्षों बाद आज भी विश्व साहित्य में अत्यंत प्रासंगिक हैं, नियमित रूप से छात्र उन्हें पढ़ने की आदत विकसित करें और साहित्य के महत्व को समझें : प्रचार्य**

कार्यक्रम में छात्राओं ने शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटकों के अंशों का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**क्लासिक नाटकों का प्रभावशाली मंचन, दर्शकों की मिली सराहना:** कार्यक्रम के दौरान "हैमलेट", "जूलियस सीज़र", "रोमियो एंड जूलियट", "मैकबेथ" और "ओथेलो" जैसे विश्वप्रसिद्ध नाटकों के प्रमुख दृश्यों का प्रभावी अभिनय प्रस्तुत किया गया। छात्राओं की अभिव्यक्ति, संवाद अदायगी और भाव-भंगिमाओं ने साहित्यिक कृतियों को जीवंत कर दिया। उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

**सॉनेट लेखन प्रतियोगिता और प्रेरणादायी संदेश:** इस अवसर पर सॉनेट लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता और साहित्यिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंग्रेजी विभाग के राहुल कर्ण, शानन विश्वास, आनंद महिषा और ईशिता चक्रवर्ती द्वारा किया गया।



विद्यालय की प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि शेक्सपियर आज भी 462 वर्षों बाद विश्व साहित्य में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ने की आदत विकसित करने और साहित्य के महत्व को समझने की प्रेरणा दी।पूरा कार्यक्रम अत्यंत सफल, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा, जिसने विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति नई ऊर्जा और रुचि का संचार किया।

# प्रचंड बहुमत से पास हुआ विश्वास मत, एनडीए सरकार को मिला मजबूत जनादेश का संदेश: विधायक विजय खेमका

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**विधायक विजय खेमका ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का किया अभिनंदन, विकास और सुशासन को बताया प्राथमिकता**



बिहार विधानसभा के विशेष सत्र में एनडीए सरकार ने प्रचंड बहुमत के साथ विश्वास मत हासिल कर अपनी राजनीतिक मजबूती का परिचय दिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सदन में प्रस्तुत विश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ, जिससे सरकार के प्रति विधायकों का व्यापक समर्थन स्पष्ट हुआ।
अष्टदश विधानसभा सत्र की कार्यवाही में सदर विधायक विजय खेमका ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री कक्ष में जाकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन किया।
विधायक विजय खेमका ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नेतृत्व और उनकी प्रतिबद्धता बिहार को विकास की नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत" के संकल्प तथा राज्य में नीतीश कुमार के अनुभव और मार्गदर्शन के साथ एनडीए सरकार प्रदेश को समृद्धि और सुशासन की ओर अग्रसर करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।
उन्होंने आगे कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है और आने वाले समय में विकास की गति और तेज होगी, जिससे आम लोगों को सीधे लाभ मिलेगा।

# नारी सम्मान के मुद्दे पर सड़कों पर उतरा भाजपा महिला मोर्चा, विपक्ष पर दोहरी राजनीति का आरोप

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

नारी सम्मान और अधिकारों को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, पूर्णिया ने शुक्रवार को शहर में जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष की कथित नकारात्मक राजनीति के विरोध में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत कला भवन से आर.एन. शाह चौक तक भव्य पदयात्रा निकाली गई।
पदयात्रा में सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि देश की आधी आबादी के अधिकारों के साथ अब किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं होगा। पूरे मार्ग में "नारी सम्मान" और "अधिकार" के समर्थन में गूंजते नारों ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया।





प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो दल वर्षों तक महिलाओं के अधिकारों की बात करते रहे, वही आज महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में बाधाएं खड़ी कर रहे हैं। इसे उनकी दोहरी मानसिकता और नारीशक्ति के प्रति असली सोच का प्रमाण बताया गया।वक्ताओं ने कहा कि महिला आरक्षण केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी दिलाने का ऐतिहासिक अवसर है। इसे रोकना नारी सम्मान के खिलाफ सीधा प्रहार है।
महिला मोर्चा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि महिलाओं के अधिकारों के साथ राजनीति जारी रही, तो आंदोलन को और व्यापक व तेज किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अब देश की महिलाएं जागरूक हो चुकी हैं और अपने अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं।

**पूर्णिया में भव्य पदयात्रा व प्रेस वार्ता—महिला आरक्षण पर बाधा डालने वालों को दी चेतावनी**

कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सीमा झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ तारा साह, इंदु सिंह, मीनाक्षी सिन्हा, नीतू सिंह, आरती जायसवाल, ललिता गुप्ता, सोनिका पाहुजा, आरती झा, पिंकी सिन्हा, रेणु देवी, रूबी सेठिया, विंध्यवासिनी देवी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहीं। भाजपा की ओर से राहुल सिंह, अभ्यम लाल, शुभम झा और बॉबी दास समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भी भागीदारी निभाई।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के मुहं से मूल्य और मर्यादा की बात बेमानी -राजेश यादव

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

सांसद प्रवक्ता राजेश यादव ने पूर्णियां सांसद पप्पू यादव के बारे में जिला भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमे श्री सिंह ने श्री यादव से महिलाओं से जुड़े बयान पर सार्वजनिक माफी की मांग किया है।श्री यादव ने कहा है कि भाजपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने के लिए बैचैन हैं इसलिए अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।श्री सिंह या तो अल्पज्ञानी हैं या फिर नशे में हैं और उन्हें पता नही है कि माननीय सांसद पप्पू यादव अपनी बात स्पष्ट करते हुए खेद व्यक्त कर चुके हैं और मामले का पटाक्षेप हो चुका है।



प्रवक्ता श्री यादव ने कहा कि जिनका चाल,चेहरा और चरित्र दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है वे पप्पू यादव को नसीहत दे रहे हैं।जब भाजपा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष उचित-अनुचित, मूल्य और मर्यादा की बात करते हैं तो उनपर हंसी के साथ तरस भी आता है। उन्ही के दल के विधायक प्रमोद कुमार का कुत्ता व महिला वाला बयान भला कौन भूल सकता है।कार्यकारी जिलाध्यक्ष सम्मान और गरिमा की रक्षा की बात पता नही किस मुह से कर रहे हैं,जो पूरी तरह बेमानी है। कहा कि, होली मिलन समारोह में भाजपा जिला कार्यालय में स्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र के सामने महिला नेत्री के सम्मान और गरिमा को आपके पूर्णकालिक अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किस तरह तार-तार किया ,वह पूरे राज्य की जनता देख चुकी है। उसी के बाद श्री सिंह को संविदा पर जिलाध्यक्ष बहाल किया गया।श्री यादव ने कि श्री सिंह किस सभ्य समाज की बात कर रहे हैं।वही सभ्य समाज जहां धाकड़ जैसे भाजपा नेता नेशनल हाई वे पर अपने चाल,चेहरा और चरित्र का धाकड़ प्रदर्शन करते हैं।कहा कि, श्री सिंह निश्चिन्त रहें, सांसद पप्पू यादव जी हमेशा से महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं, रहते रहे हैं और भविष्य में भी प्रतिबद्ध रहेंगे। श्री यादव ने श्री सिंह को नसीहत देते हुए कहा कि जिनके घर शीशे के बने हों, दूसरे के घर पर पत्थर नही फेका करते हैं।

# सात निश्चय-03 के तहत उद्योग स्थापना को बढ़ावा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-03 (2025–2030) के तहत औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पूर्णिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि "समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार" संकल्प के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और राज्य में औद्योगीकरण को तेज करने का लक्ष्य रखा गया है।इसी क्रम में जिले के इच्छुक भू-स्वामियों से अपील की गई है कि वे 50 एकड़ या उससे अधिक विवाद रहित रैयती भूमि उद्योग स्थापना के लिए उपलब्ध कराने हेतु आगे आएं। ऐसी भूमि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निर्धारित मुआवजा दर पर अधिग्रहित की जाएगी।
इच्छुक व्यक्ति जिला भू-अर्जन कार्यालय, पूर्णिया से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल नंबर 9031671730, 9031617133 या ई-मेल के माध्यम से भी जानकारी साझा की जा सकती है। जिला प्रशासन ने इस पहल को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# मथौर पंचायत में योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को सुधार के निर्देश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**▪ डगरूआ प्रखंड में आंगनवाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत भवन का किया गया निरीक्षण**



जिला पदाधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक सक्रियता के तहत डगरूआ प्रखंड अंतर्गत मथौर पंचायत में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। वरीय उपसमाहर्ता-सह-स्थापना उपसमाहर्ता इन्द्रजीत कुमार ने पंचायत के विभिन्न संस्थानों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कमलपुर, हिच्छामोती एवं तमोर स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ-साथ मथौर उप स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां उपलब्ध सुविधाओं, सेवाओं की गुणवत्ता और संचालित योजनाओं की स्थिति का आकलन किया गया।
अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित कर्मियों को आवश्यक सुविधाओं में और सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही, दिए गए निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया।
प्रशासन की इस पहल से पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक परिणाम की उम्मीद जताई जा रही है।

# पूर्णिया में ´ ज्ञानसंगम 2026 ´ का भव्य आगाज : साहित्य-संस्कृति और बौद्धिक विमर्श का दिखा अद्भुत संगम

## विद्या विहार आवासीय विद्यालय में तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलन के साथ भव्य शुभारंभ

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

विद्या विहार आवासीय विद्यालय, परोरा स्थित रमेश चंद्र मिश्रा सभागार में सब हिमालयन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'ज्ञान संगम लिटरेरी कल्चरल फेस्टिवल 2026' का भव्य शुभारंभ आज दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन की गरिमामयी परंपरा में प्रो. मणीन्द्रनाथ ठाकुर, प्रो. रत्नेश्वर मिश्र, डॉ. के. श्रीनिवास राव, प्रो. देवेंद्र कुमार चौबे, संतोष सिंह, राजेश मिश्रा, गिरिन्द्रनाथ झा, रंजीत कुमार पॉल सहित प्रेम कुमार मणि एवं पुष्यमित्र भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. मदनेश्वर मिश्र एवं डॉ. श्यामानन्द सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई, जिससे पूरा वातावरण भावनात्मक श्रद्धा और साहित्यिक सम्मान से भर उठा।

**आयोजन समिति ने किया स्वागतअतिथियों का भव्य अभिनंदन,**

विद्या विहार समूह के राजेश मिश्रा, सब हिमालयन रिसर्च इंस्टीट्यूट के डॉ. रमन एवं आयोजन समिति द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।





साहित्य और संस्कृति से जुड़े विद्वानों और कलाकारों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ ज्ञान संगम का शुभारंभ

### विशेष सत्र और साहित्यिक धरोहरों का प्रदर्शन

कार्यक्रम के दौरान बनैली स्टेट के कुमार श्यामानन्द सिन्हा पर भारत सरकार द्वारा जारी डाक टिकट एवं स्मारिका का विशेष प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित साहित्य प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया।पुस्तक प्रदर्शनी और कला प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्रमहोत्सव परिसर में लगे पुस्तक स्टॉलों पर राजकमल प्रकाशन, सेतु प्रकाशन, वाणी प्रकाशन, प्रगतिशील प्रकाशन सहित अनेक प्रतिष्ठित प्रकाशनों की हजारों पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। साथ ही मणिपुरी बैम्बू आर्किटेक्चर, टिंकी कुमारी की चित्रकला, किलकारी बाल भवन की कला प्रदर्शनी, टेक्सटाइल आर्ट, लिप्पन पेंटिंग एवं वीवीआईटी की कला प्रदर्शनी ने भी दर्शकों को आकर्षित किया।



### संगीत संध्या में बही शास्त्रीय सुरों की मधुर धारा

द्वितीय सत्र में आयोजित संगीत संध्या में पश्चिम बंगाल की सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका महुआ चटर्जी, सनातन गोस्वामी एवं शोभीक सरकार ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को संगीतमय कर दिया।











विद्यालय के प्राचार्य निखिल रंजन ने स्वागत भाषण में कहा कि ऐसे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता, रचनात्मकता और मानवीय मूल्यों के विकास का सशक्त माध्यम हैं।

पूर्णिया की साहित्यिक परंपरा और मानवीय मूल्यों पर मंथन प्रो. मणीन्द्रनाथ ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्णिया की मिट्टी में रचनात्मकता की विशिष्ट सुगंध है, जो देश-दुनिया में यहां के लोगों को साहित्य और संस्कृति से जोड़ती है।

प्रो. रत्नेश्वर मिश्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि सामान्य जीवन को सरलता के साथ जीते हुए भी विशिष्ट बने रहना ही सच्ची उपलब्धि है।

बीज वक्ता प्रो. देवेंद्र कुमार चौबे ने कहा कि साहित्य समाज के प्रश्नों का उत्तर नहीं, बल्कि प्रश्नों को और गहराई देने का माध्यम है। उन्होंने फणीश्वरनाथ रेणु की रचनात्मक परंपरा का उल्लेख करते हुए आंचलिक साहित्य की महत्ता को रेखांकित किया।

डॉ. के. श्रीनिवास राव ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र हिंदी, उर्दू और बांग्ला साहित्य की त्रिवेणी है, जिसने इसे बहुसांस्कृतिक पहचान प्रदान की है।

**सहयोग और आयोजन में संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका**

इस आयोजन में गुलाब नारायण झा एवं प्रशांत कुमार झा (डालू स्मृति न्यास) का विशेष योगदान रहा।

वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, वीवीआईटी, वीवीआरएस, कैरियर प्लस, पावरग्रिड, INTACH, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक तथा जनमन फाउंडेशन ने इवेंट पार्टनर के रूप में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

समापन और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रमन द्वारा किया गया। स्वागत गान सुप्रिया मिश्रा एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

अंत में राजेश मिश्रा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी संस्थानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

ज्ञान संगम 2026 ने पूर्णिया में साहित्य, संस्कृति और बौद्धिक विमर्श की एक नई ऊर्जा और दिशा स्थापित की, जो आने वाले दिनों में भी अपनी अमिट छाप छोड़ने का संकेत दे रही है।

# प्रशिक्षण : मिशन वात्सल्य पोर्टल पर पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

गुमशुदा एवं लापता बच्चों की बरामदगी की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक पूर्णिया स्वीटी सेहरावत के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों को मिशन वात्सल्य पोर्टल से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को पोर्टल के संचालन, डाटा एंट्री, केस रजिस्ट्रेशन, ट्रैकिंग सिस्टम तथा रियल टाइम अपडेट की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बताया गया कि मिशन वात्सल्य पोर्टल केंद्र एवं राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है, जिसके माध्यम से गुमशुदा बच्चों की खोज और पुनर्वास की प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक महोदया ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस कार्य में तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग जरूरी है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामला समय पर अपडेट किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे गुमशुदा बच्चों से जुड़े मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी।

# आंगन में घुसकर वार्ड सदस्य की हत्या मुख्य महिला आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**न्यूज स्केल बैसा**

अनगढ़ थाना क्षेत्र के धुसमल गांव में गुरुवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसमें 57 वर्षीय वार्ड सदस्य मोहम्मद अशफाक अंसारी की उनके ही घर के आंगन में बेरहमी से पिटाई के बाद मौत हो गई। वे धुसमल पंचायत के वार्ड संख्या 9 के वार्ड सदस्य थे। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मुख्य महिला आरोपी नबीसता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



परिजनों के अनुसार, 23 अप्रैल की दोपहर करीब 1 बजे से 2:30 बजे के बीच गांव के ही कुछ लोग घर में घुसे और हमला कर दिया। मृतक की पुत्री सुहाना ने छह लोगों—नबीसता, नैमोद्दीन, नाजमिन, खुशनूर, खुशनंती और नफीस—पर गंभीर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि हमले के दौरान गंभीर चोटें पहुंचाई गईं, जिससे उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# वीर नारायण चंद कॉलेज में स्नातक तृतीय सेमेस्टर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, प्रशासन रहा सतर्क

**न्यूज स्केल धमदाहा**

- **पहली पाली में कुल 358 में से 352 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 06 अनुपस्थित पाए गए। वहीं दूसरी पाली में 275 में से 271 छात्र उपस्थित हुए और 04 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।**

प्रखंड मुख्यालय स्थित वीर नारायण चंद महाविद्यालय में पूर्णिया विश्वविद्यालय की स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा शुक्रवार को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में प्रारंभ हुई। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कॉलेज प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा व्यापक और पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। कॉलेज के मुख्य द्वार पर ही छात्रों की सघन तलाशी ली गई तथा बिना प्रवेश पत्र और पहचान पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु दंडाधिकारी रजित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

केंद्राधीक्षक प्रो. शब्बीर आलम एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनीष कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दिन की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और नकल विहीन रही। प्रशासन की सख्ती और निगरानी के कारण किसी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

उपस्थिति विवरण: पहली पाली में कुल 358 में से 352 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 06 अनुपस्थित पाए गए। वहीं दूसरी पाली में 275 में से 271 छात्र उपस्थित हुए और 04 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इसी तरह कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

# पंचायती राज दिवस पर कुमार आदित्य ने दी शुभकामनाएं कहा : ''गांवों को सशक्त बनाने में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका''

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पंचायती राज दिवस के अवसर पर पूर्णिया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कुमार आदित्य ने जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और पंचायती राज व्यवस्था के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने और गांवों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।



कुमार आदित्य ने बताया कि भारत में पंचायती राज की शुरुआत राजस्थान के नागौर जिले से हुई, जिसने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गांव-गांव तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांवों को सशक्त बनाया गया और उन्हें देश की मुख्यधारा से जोड़ा गया।

उन्होंने कहा कि 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को कम से कम 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया, जो कई राज्यों में बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। आज देशभर में लगभग 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है।

कुमार आदित्य ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था सत्ता के विकेंद्रीकरण का सशक्त माध्यम है, जिससे गांवों को अपने स्तर पर शासन चलाने का अधिकार मिलता है। इस ऐतिहासिक पहल के लिए उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और राजीव गांधी को नमन किया।

अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता इस दिन गर्व महसूस करता है कि पार्टी ने लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का कार्य किया है।

# नशे में धुत चार पियक्कड़ गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**न्यूज़ स्केल हरदा,**

कामाख्या ओपी पुलिस ने कल्याणपुर रहुआ क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए नशे में धुत चार शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कल्याणपुर चौक के पास चार व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहे थे, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। इसकी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सभी को पकड़कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सीय जांच कराई गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार लोगों में भोपाल कुमार (कल्याणपुर), अरविंद पासवान (कल्याणपुर), टुनटुन पासवान (घुश्की टोला) और मुनीर पासवान (जोतल खाय) शामिल हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



# वाहन जाँच अभियान : यातायात नियम तोड़ने वालों पर दिखी सख्ती, 15 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया

**न्यूज स्केल धमदाहा**

भवानीपुर थाना क्षेत्र में यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। लगातार चलाए जा रहे विशेष वाहन जांच अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर जांच अभियान चलाकर कुल 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। गुरुवार की देर शाम चलाए गए सघन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने बाइक सवारों पर विशेष नजर रखी। जांच में कई चालक बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते पाए गए। ऐसे सभी नियम उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मौके पर ही चालान काटते हुए जुर्माना वसूला गया।


पुलिस टीम ने अभियान के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, जूते सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मलेरिया दिवस : पूर्णिया मे मलेरिया पर वार तेज : 2030 तक पूर्णिया को मलेरिया मुक्त बनाने संकल्प

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

■ विश्व मलेरिया दिवस पर विशेष अभियान, "नाउ वी कैन नाउ वी मस्ट " थीम के साथ जागरूकता पर जोर




जिले में मलेरिया के खिलाफ चल रही मुहिम असर दिखाने लगी है। वर्ष 2026 में जनवरी से अप्रैल के बीच चिन्हित चारों मलेरिया मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार कर उन्हें स्वस्थ कर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग इसे मलेरिया उन्मूलन की दिशा में एक सकारात्मक संकेत मान रहा है।

विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) के अवसर पर जिले सहित पूरे बिहार में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष की थीम "Driven to End Malaria: Now We Can, Now We Must" रखी गई है, जिसके जरिए लोगों को सतर्क रहने और समय पर इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**2030 तक मलेरिया मुक्त बिहार का लक्ष्य**

राज्य मलेरिया कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2030 तक देश से मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित है। बिहार इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य के सभी 38 जिलों में अब प्रति 1000 आबादी पर एक से कम मलेरिया मरीज मिल रहे हैं। यह संकेत देता है कि बिहार तय समयसीमा के भीतर इस लक्ष्य को हासिल करने की स्थिति में है।

**जागरूकता अभियान होगा तेज**

मलेरिया नियंत्रण को लेकर सरकार का फोकस अब जागरूकता पर है। जिला स्तर पर वाल पेंटिंग, अखबारों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। लक्ष्य है कि 2027 तक राज्य को मलेरिया के कैटेगरी-1 से कैटेगरी-0 स्तर तक लाया जाए।

**सात जिले अब भी संवेदनशील**

राज्य में रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और मुंगेर को मलेरिया प्रभावित जिले के रूप में चिन्हित किया गया है, जहां विशेष निगरानी और नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है।

**पूर्णिया में चारों मरीजों का सफल इलाज**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. आर.पी. मंडल ने बताया कि वर्ष 2026 में जिले में कुल चार मलेरिया मरीज चिन्हित हुए थे। इनमें से एक के. नगर, एक बायसी और दो पूर्णिया पूर्व शहरी क्षेत्र के मरीज शामिल हैं। सभी को समय पर इलाज उपलब्ध कराकर पूरी तरह स्वस्थ कर दिया गया है।

**72 घंटे तक बुखार—तो रहें सतर्क**

भीडीसीओ रवि नंदन सिंह के अनुसार, मलेरिया के प्रमुख लक्षणों में ठंड लगना, तेज बुखार का 24, 48 या 72 घंटे के अंतराल पर आना और अत्यधिक पसीना आना शामिल है। यह बीमारी मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए।

**सावधानी ही बचाव**

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि घर और आसपास पानी जमा न होने दें, मच्छरदानी का उपयोग करें और किसी भी तरह के बुखार को नजरअंदाज न करें। समय पर जांच और इलाज से मलेरिया पूरी तरह ठीक हो सकता है।

## सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निपटारे के दिए निर्देश



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के अंतर्गत आयोजित "सबका सम्मान–जीवन आसान कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शुक्रवार को समाहरणालय स्थित प्रज्ञान सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं सीधे जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। कुल 34 आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुए, जिन पर डीएम ने मौके पर ही अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम के दौरान न सिर्फ जिला मुख्यालय, बल्कि अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह जनसंवाद कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## विवाहिता को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला पहुंचना थाने , मरंगा पुलिस ने युवक समेत दोनों को किया बरामद

**न्यूज़ स्केल हरदा**



■ परिजनों के आवेदन पर जांच तेज, दोनों पक्षों के बयान दर्ज; पुलिस अभिरक्षा में रखकर आगे की कार्रवाई जारी

मरंगा थाना क्षेत्र के गोआसी पंचायत में एक विवाहिता को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई मरंगा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती और आरोपी युवक को बरामद कर थाना ले आयी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती की मां संतोलिया देवी ने थाना में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की शादी एक वर्ष पूर्व हो चुकी है। इसके बावजूद गांव के ही शिव नारायण गुप्ता के पुत्र मोनू कुमार गुप्ता ने शादी का झांसा देकर उसे 21 अप्रैल को ससुराल से भगा लिया।

परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान युवती के आरोपी युवक के घर में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी युवक के पिता द्वारा युवती को अपने घर में रखने से इंकार किया जा रहा था। वहीं, परिजनों ने मोबाइल पर हुई बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है।

मरंगा थानाध्यक्ष कौशल कुमार ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। फिलहाल युवक और युवती को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है तथा पूरे मामले की गहन जांच कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है !

इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं—जबरन भगाने, सहमति, और सामाजिक पहलुओं—की जांच कर रही है, ताकि निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## बनमनखी में जनगणनाकर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न, चार्ज अधिकारी ने कराया मार्गदर्शन

**न्यूज स्केल बनमनखी**



बनमनखी अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर शुक्रवार को जनगणना कार्य में शामिल प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण सुमरित उच्च विद्यालय बनमनखी, नगर परिषद सभागार तथा नगर पंचायत जानकीनगर स्थित ठाकुर उच्च विद्यालय खूंट में आयोजित किया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी अशोक कुमार ने सुमरित उच्च विद्यालय बनमनखी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों को उनके दायित्वों का बोध कराया तथा उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और शंकाओं का समाधान किया।

चार्ज अधिकारी ने बताया कि जनगणना का पहला चरण 02 मई से प्रारंभ होकर 31 मई तक चलेगा। इस दौरान सभी कर्मियों को अपने निर्धारित एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) में कार्य करते समय पहचान पत्र प्रदर्शित करना, विनम्र एवं पेशेवर आचरण बनाए रखना तथा मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य निष्पक्षता, पारदर्शिता और राष्ट्र सेवा की भावना से करना होगा।

मास्टर ट्रेनर सूर्य नारायण चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसे पूरी जिम्मेदारी, ऊर्जा और व्यवहार कुशलता के साथ संपन्न करना आवश्यक है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर परिषद सभागार में वेदप्रकाश एवं धर्मेंद्र कुमार, सुमरित उच्च विद्यालय में सूर्य नारायण चौधरी, सुभाषचंद्र रमण, मयंक कुमार झा, संजय कुमार गुप्ता, अनिल कुमार, कॉलेजिएट में संजय कुमार सुमन एवं दीपक कुमार चौधरी तथा जानकीनगर में अनिल कुमार सिंह, सुशील कुमार ठाकुर एवं सुमन कुमार ने बतौर प्रशिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मणिकांत सिंह, शिवशंकर कामती सहित अन्य कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

## फरार वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा जेल



**न्यूज़ स्केल भवानीपुर**

भवानीपुर थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत गुरुवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फरार वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि कांड संख्या 168/12 में वांछित आरोपी रोशन सब्जी, निवासी शेखपुरा सब्जी टोला, लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। कई बार संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की गई, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ रहा था।

गुरुवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सखुआ टोल में बैंकिंग सुविधा की नई शुरुआत, बैंक ऑफ बड़ौदा CSP का उद्घाटन

**न्यूज स्केल भवानीपुर**



भवानीपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 2 स्थित सखुआ टोल में ग्रामीणों के लिए बैंकिंग सुविधा का नया द्वार खुल गया। यहां बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केंद्र (CSP) का विधिवत उद्घाटन किया गया। केंद्र का संचालन प्रवीण कुमार द्वारा किया जाएगा।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि शोभा कांत यादव ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि CSP के शुरू होने से अब स्थानीय लोगों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों का रुख नहीं करना पड़ेगा। गांव में ही जमा-निकासी, नया खाता खोलना, आधार लिंकिंग समेत अन्य आवश्यक सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी।

उन्होंने इस पहल को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों और ग्रामीणों ने भी इस सुविधा का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए उपयोगी बताया।

CSP संचालक प्रवीण कुमार ने भरोसा दिलाया कि केंद्र पर ग्राहकों को पारदर्शी, सुरक्षित और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिससे लोगों में इस नई सुविधा को लेकर उत्साह साफ देखा गया।

## भीषण गर्मी में तप रहा बनमनखी जंक्शन, प्लेटफॉर्म पर पंखे तक नदारद

**न्यूज स्केल बनमनखी**



एक ओर रेलवे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं देने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का कायाकल्प कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बनमनखी जंक्शन की स्थिति इस दावे की पोल खोल रही है। भीषण गर्मी के बीच स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर यात्रियों के लिए एक भी पंखा उपलब्ध नहीं है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाला बनमनखी जंक्शन अमृत भारत योजना के तहत विकसित होकर उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा है। इसके बावजूद बुनियादी सुविधाओं का अभाव यात्रियों को झुलसने पर मजबूर कर रहा है।

बनमनखी जंक्शन से बिहारीगंज, पूर्णिया और सहरसा की ओर प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रेनें आती-जाती हैं। ऐसे में यात्रियों को घंटों प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन गर्मी से राहत देने के लिए पंखे जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।

स्थानीय यात्रियों का कहना है कि तेज धूप और उमस के कारण प्लेटफॉर्म पर खड़ा रहना मुश्किल हो जाता है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे अधिक परेशान हो रहे हैं।

गौरतलब है कि बनमनखी जंक्शन समस्तीपुर मंडल का अंतिम जंक्शन है, जहां से बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। इसके बावजूद यात्री सुविधाओं की अनदेखी सवाल खड़े कर रही है।

यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए तत्काल प्लेटफॉर्म पर पंखे एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, तराजू व मोबाइल बरामद

**न्यूज़ स्केल कसबा**



कसबा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को नशे के अवैध कारोबार में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 3.72 ग्राम स्मैक, एक डिजिटल तराजू तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान वीरेन महतो (30 वर्ष), पिता उपेन्द्र महतो, निवासी कुल्लाखास, वार्ड संख्या 03, थाना कसबा, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार लंबे समय से क्षेत्र में नशीले पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री की सूचना मिल रही थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। बरामद सामग्री से स्पष्ट है कि आरोपी नशे के कारोबार में सक्रिय रूप से संलिप्त था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है तथा उससे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# पंचायती राज दिवस पर ग्राम सभाओं की खुली पोल

**न्यूज़ स्केल अमौर**



राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर केंद्र व राज्य सरकार के निर्देशों के तहत अमौर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। उद्देश्य था ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना और लोकतंत्र की जमीनी इकाई को सशक्त बनाना, लेकिन जमीनी हकीकत ने इन दावों की पोल खोल दी।

प्रखंड की अधिकांश पंचायतों में निर्वाचित मुखिया की अनुपस्थिति ने पूरे आयोजन की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए। इक्का-दुक्का पंचायतों को छोड़ दें तो कहीं भी जनप्रतिनिधि सक्रिय भूमिका में नजर नहीं आए। जिन कंधों पर पंचायत विकास की जिम्मेदारी है, उनकी गैरहाजिरी से ग्राम सभा महज औपचारिकता बनकर रह गई।

**फोटो खिंचवाने तक सीमित रहा आयोजन:** कई पंचायतों में ग्राम सभा सिर्फ लोगों को बुलाकर फोटो खिंचवाने तक सीमित रही। कहीं स्कूली बच्चों को बैठाकर उपस्थिति दर्शाई गई, तो कहीं केवल खानापूर्ति के लिए भीड़ जुटाई गई। ग्राम सभा की कमान पूरी तरह डाटा एंट्री ऑपरेटरों के हाथों में दिखाई दी, जो औपचारिक **कार्यवाही पूरी करते नजर आए!**

ग्रामीणों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण विकास योजनाएं फाइलों में ही सिमट कर रह जाती हैं। समस्याएं लेकर पहुंचे ग्रामीणों को सुनने वाला कोई जिम्मेदार पदाधिकारी या प्रतिनिधि मौके पर मौजूद नहीं था।

**सचिवों की हड़ताल ने बढ़ाई अव्यवस्था:** ग्राम सभा की विफलता के पीछे पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल भी बड़ा कारण रही। सचिवों की अनुपस्थिति में न तो कार्यवाही का विधिवत दस्तावेजीकरण हो सका और न ही योजनाओं का तकनीकी अनुमोदन संभव हो पाया। जानकारों के अनुसार, सचिव के बिना ग्राम सभा का प्रशासनिक और कानूनी महत्व लगभग समाप्त हो जाता है।

**प्रशासन ने मानी समस्या:** पंचायती राज पदाधिकारी नूतन कुमारी ने बताया कि सभी मुखियाओं को पूर्व में सूचना दी गई थी, बावजूद इसके कई पंचायतों से अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने माना कि पंचायत सचिवों की हड़ताल के कारण स्थिति और जटिल हो गई है तथा संबंधित पंचायतों को पत्र भेजकर जवाब मांगा जा रहा है।

**ग्रामीणों में रोष, व्यवस्था पर सवाल:** इस पूरे घटनाक्रम को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि एक ओर सरकार पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर इसे सिर्फ औपचारिकता बना दिया गया है। भारी-भरकम प्रचार-प्रसार के बावजूद ग्राम सभा का मूल उद्देश्य धरातल पर पूरी तरह विफल नजर आया।

# अररिया में जनता दरबार : 60 मामलों की हुई सुनवाई, त्वरित समाधान के निर्देश

**अररिया** (हि.स.)। जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर में आयोजित जनता दरबार में आम नागरिकों की समस्याओं की विस्तृत सुनवाई की गई। इस दौरान कुल 60 मामलों पर कार्रवाई की गई और संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**जनता दरबार में 60 मामलों की सुनवाई**: जनता दरबार में भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े कुल 60 मामलों को सुना गया। कई आवेदकों ने व्यक्तिगत रूप से




जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर गंभीरता से विचार किया गया।

**जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश**' जिलाधिकारी विनोद दूहन ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा**: बैठक के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समय पर पहुंचे, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

**आम जनता की समस्याओं पर प्राथमिकता**: जनता दरबार में आए लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य सीधे लोगों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है, ताकि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत हो सके।

# बाँका में बड़ी कार्रवाई : 66 अर्द्धनिर्मित देशी पिस्टल बरामद, वाहन चालक गिरफ्तार

**न्यूज स्केल बाँका**

------------------

जिले के बेलहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए 66 पीस अर्द्धनिर्मित देशी पिस्टल बरामद की है। इस कार्रवाई में एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 23.04.2026 को सुलतानगंज–देवघर स्टेट



हाईवे पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक मारुति सुजुकी SX4 कार को रोककर तलाशी ली गई। जांच के क्रम में वाहन की डिक्की से सटे लोहे के चादर से बने एक विशेष चेंबर का पता चला, जिसके अंदर अवैध रूप से छिपाकर रखी गई 66 अर्द्धनिर्मित देशी पिस्टल बरामद की गई।

वाहन चालक गौतम रजक, निवासी मुंगेर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की जा रही है तथा पूरे नेटवर्क की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई अवैध हथियार निर्माण एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता है।

# किशनगंज डीएम ने दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण पर दिया जोर

**किशनगंज,** (हि.स.)।जिलाधिकारी विशाल राज ने ऐतिहासिक महीनगांव स्टेट का दौरा कर 'ज्ञान भारतम' परियोजना के तहत संरक्षित प्राचीन एवं दुर्लभ पांडुलिपियों का अवलोकन किया।इस दौरान उन्होंने धरोहरों की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण करते हुए उनके वैज्ञानिक संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में बिखरी ऐतिहासिक पांडुलिपियों, दस्तावेजों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फारसी कवि



की प्रसिद्ध रचना 'शाहनामा' की हस्तलिखित दुर्लभ प्रति तथा अत्यंत प्राचीन कुरान शरीफ की प्रतियों को भी देखा। पांडुलिपियों की कलात्मक सजावट, बारीक हस्तलिपि और ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए डीएम ने इन्हें क्षेत्र की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि ये धरोहरें न केवल धार्मिक और साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि उस दौर की कला, भाषा और सामाजिक संरचना को भी दर्शाती हैं। दौरे के दौरान महीनगांव स्टेट से जुड़ी कई ऐतिहासिक मुहरें और पुराने दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए। इनसे तत्कालीन प्रशासनिक व्यवस्था और सांस्कृतिक परंपराओं की जानकारी मिलती है। डीएम ने अभिलेखों को व्यवस्थित रूप से सूचीबद्ध करने और उनकी विस्तृत जानकारी तैयार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि समय के साथ दीमक, नमी और तापमान के प्रभाव से पांडुलिपियों को नुकसान हो सकता है।ऐसे में इनके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक विधियों को अपनाना आवश्यक है।

उन्होंने सभी पांडुलिपियों का डिजिटल स्कैन कराने, सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों की मदद लेने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इन ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित कर आम लोगों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र की समृद्ध विरासत को व्यापक पहचान मिल सके।

# कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर डेमू के बदले मेमू का होगा परिचालन

**अररिया** (हि.स.)। भारत नेपाल सीमा को जोड़ने वाला कटिहार जोगबनी रेलखंड पर चल रही डेमू ट्रेन के स्थान पर अब मेमू ट्रेन का परिचालन होगा।नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे के महाप्रबंधक(वाणिज्य) ने फारबिसगंज के पूर्व विधायक पदम पराग राय वेणु को पत्र प्रेषित कर यह जानकारी दी।

रेलवे बोर्ड की रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला के विद्युत अभियांत्रिक के निदेशक दिवाकर कुमार ने जीएम को पत्र भेजकर मेमू ट्रेन की उपलब्धता की जानकारी दी।जिसके बाद जीएम कमर्शियल मालीगांव ने पूर्व विधायक को पत्र लिखा है।

पूर्व विधायक पदम पराग राय




वेणु के अनुज दक्षिणेश्वर राय पप्पू ने जीएम द्वारा प्रेषित पत्र की प्रतिलिपि देते हुए बताया कि पूर्व विधायक के सकारात्मक पहल और डीआरएम के साथ जीएम और रेल मंत्री को पत्र प्रेषित कर रेलखंड में डेमू के बदले मेमू रैक वाली ट्रेन के परिचालन की मांग की जाती रही।फलस्वरूप आने वाले दिनों में इस रेलखंड पर अब मेमू ट्रेन का परिचालन संभव हो पाएगा।

उन्होंने रेल मंत्रालय भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए बताया कि आशय की जानकारी रेल विभाग मालीगांव के जीएम (वाणिज्य) ने पूर्व विधायक को पत्र लिखकर दिया है, जिसमें रैक आने पर इस रुट पर मेमू कोच चलाने की बात कही गई है। आगे पप्पू बताते हैं कि पूर्व विधायक के साथ तत्कालीन डीआरएम सुरेन्द्र कुमार से कटिहार में उनके कार्यालय में उन्होंने मेमू ट्रेन चलाने की मांग को लेकर पत्र सौंपा था, जिसपर अब विभाग द्वारा क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह सीमांचल के वैसे लोगों के लिए वरदान साबित होगा, जो काफी कष्टकारी यात्रा अपने परिवार के साथ डेमू ट्रेन में कर रहे हैं। वर्तमान समय में इस ट्रेन में कम जगह होने के कारण ठीक से खड़ा रहना भी मुश्किल होता है। पप्पू ने भारत सरकार व रेल मंत्रालय को धन्यवाद व आभार करते हुए कहा है कि यह आम लोगों के लिए सरकार की ओर से एक बड़ी सौगात है।

# पत्रकारिता के आड़ में अवैध वसूली करते पांच लोग गिरफ्तार

**भागलपुर**, (हि.स.)। शहर में पत्रकारिता की आड़ लेकर रंगदारी वसूली करने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। जोगसर थाना क्षेत्र के मानिक सरकार चौक स्थित '2.0 रेस्टोरेंट' में खुद को पत्रकार बताकर संचालक को धमका रहे पांच शातिर अपराधियों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई से ऐसे फर्जी तत्वों में हड़कंप मच गया है, जो मीडिया का नाम लेकर अवैध कमाई में जुटे थे।

**गुप्त सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई**: मामले की शुरुआत वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली एक गुप्त



सूचना से हुई, जिसमें बताया गया कि कुछ लोग पत्रकार बनकर रेस्टोरेंट संचालक से अवैध धन की मांग कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष टीम गठित की गई और कार्रवाई की रणनीति तैयार की गई।

**विशेष टीम का गठन और छापेमारी**: एसएसपी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (नगर-01) की निगरानी में टीम बनाई गई। जोगसर थानाध्यक्ष मंटू कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने '2.0 रेस्टोरेंट' में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर पांचों को पकड़ लिया गया।

**दो महिला आरोपी फरार, गिरफ्तारी जारी**: हालांकि, गिरोह में शामिल दो महिला सदस्य मौके से फरार हो गईं। पुलिस ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौतम कुमार गर्जना, अरविंद कुमार, अजय कुमार, संजीव मिश्रा और शमीम उल्लाह के रूप में हुई है।

**पीड़ित की सूझबूझ से खुला मामला**: रेस्टोरेंट संचालक अभिषेक कुमार ने दबाव में आने के बजाय कानून का सहारा लिया। उनके लिखित आवेदन के आधार पर जोगसर थाने में कांड संख्या-87/2026 दर्ज किया गया, जिसमें कुल सात लोगों को नामजद किया गया है।

**पुलिस की अपील—डरें नहीं, सूचना दें**: इस सफल ऑपरेशन में पुलिस अधिकारियों और सशस्त्र बल के जवानों की अहम भूमिका रही। भागलपुर पुलिस ने आम लोगों और व्यापारियों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति पत्रकार या अधिकारी बनकर अवैध वसूली की कोशिश करे, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

# आग लगने से 3 दुकान और 2 घर जले

**भागलपुर,** (हि.स.)। तिलकामांझी थाना क्षेत्र के जेल रोड स्थित गंजी मिल के पास देर रात भीषण आग लगने से तीन दुकानें और दो घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना में आरती देवी, मुर्शीद के बेटे राजा (पंचर दुकान), अर्जुन चौधरी और गीता देवी की संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है।

सूचना मिलते ही दमकल की टीम तीन बड़ी और एक छोटी गाड़ी के साथ मौके पर पहुंची। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब



तक सब कुछ जल चुका था। आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग जुट गए।

पीड़ितों ने कुछ स्थानीय युवकों पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ये युवक अक्सर छत पर बैठकर नशा करते थे और मना करने पर पहले भी धमकी दे चुके थे।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

घटना में आरती देवी की किराना दुकान जल गई, जिससे परिवार की आजीविका प्रभावित हुई है। वहीं गीता देवी ने बताया कि मई में नतिनी की शादी है, लेकिन अब आर्थिक संकट गहरा गया है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बढ़ई की मौत



**अररिया** (हि.स.)। फारबिसगंज प्रखंड के सिमराहा थाना क्षेत्र के औराही पूरब वार्ड संख्या एक निवासी सुरेन्द्र शर्मा पिता सीताराम शर्मा की सिरसिया धूमगढ़ के पास सड़क हादसे में मौत हो गई।

फारबिसगंज से बढ़ई का काम कर घर सिमराहा लौटने के क्रम सिरसिया धूमगढ के समीप एक तेज अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आ गया,जिनसे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।मृतक का शादी चार वर्ष पूर्व रानीगंज प्रखंड के परमानंदपुर निवासी गाजो शर्मा की पुत्री प्रियंका कुमारी से हुई थी। मृतक की पत्नी गर्भवती है एवं उन्हें दो छोटे छोटे बच्चे में से एक लड़का एक लड़की है। घटना की सूचना मिलने के बाद भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल मृतक के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी और ढांढस बंधाते हुए बताया कि मृतक सुरेंद्र प्रतिदिन सिमराहा से फारबिसगंज बढ़ई मिस्त्री का काम करने के लिए जाता था। उन्होंने परिजनों को सरकार से उचित सरकारी अनुग्रह अनुदान राशि दिलाने का भरोसा दिलाया।

# जूट मिल की जमीन घोटाले की फिर से जांच, भू-माफियाओं पर कसेगा शिकंजा

**किशनगंज** (हि.स.)। किशनगंज के टेउसा पंचायत स्थित शिमलबाड़ी जूट मिल की जमीन को लेकर सामने आई अनियमितताओं ने प्रशासन को सख्त कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। इस बहुचर्चित प्रकरण में नए सिरे से जांच के आदेश दिए गए हैं। शुरुआती रिपोर्ट में यह संकेत मिले हैं कि जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध तरीके से खरीद-बिक्री की गई है, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने इसे प्राथमिकता में रखते हुए गहराई से जांच शुरू कर दी है।

**भू-माफियाओं की भूमिका पर संदेह**: प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई गई है कि इस पूरे प्रकरण में संगठित रूप से भू-माफियाओं की संलिप्तता



हो सकती है। बिना उचित प्रक्रिया अपनाए जमीन का लेन-देन किया गया, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस जमीन पर नजरें गड़ाए कुछ प्रभावशाली लोग सक्रिय थे। यदि निष्पक्ष जांच होती है, तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। इससे प्रशासन के लिए मामले को पारदर्शी ढंग से सुलझाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**प्रशासन का कड़ा रुख, कार्रवाई तय**: जिलाधिकारी विशाल राज ने मामले को गंभीर बताते हुए स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जांच में जमीन से जुड़े सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जाएगी और यह भी देखा जाएगा कि किन अधिकारियों या कर्मचारियों ने लापरवाही या मिलीभगत की। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार,

**सरकारी संपत्ति में गड़बड़ी उजागर**: जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि जूट मिल परिसर में सरकारी राशि से निर्मित कई भवन अब गायब हैं। मौके पर केवल कुछ पिलर के अवशेष ही दिखाई दे रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग की आशंका गहराई है। यह सवाल भी उठ रहा है कि इतने बड़े स्तर पर निर्माण गायब कैसे हो गया और जिम्मेदार विभागों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी।

जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप है और आने वाले दिनों में बड़े खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

# घूरना थाना पुलिस और एसएसबी ने तस्करी का 410 किलो गांजा किया बरामद,तस्कर फरार




**अररिया** (हि.स.)। जिले के घूरना थाना पुलिस और एसएसबी जवानों ने छापेमारी अभियान चलाकर 410 किलो गांजा के साथ एक बाइक जब्त किया।जबकि इस कार्रवाई में तस्कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार,घूरना पुलिस को बॉर्डर का रास्ते गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने बॉर्डर के समीप नाकेबंदी कर रखा था, इसी बीच घूरना थाना क्षेत्र के डुमरबन्ना वार्ड संख्या 03 के समीप 13 बोरा में 410 किलो गांजा और एक बाइक बरामद किया गया।एसएसबी और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में बीती रात यह कार्रवाई किया गया। तस्कर के द्वारा रात के अंधेरे में नेपाल से भारतीय क्षेत्र माथे पर लाया जा रहा था, तस्कर अधिक संख्या में था जो अंधेरे का लाभ उठाकर नेपाल की तरफ फरार हो गया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि अज्ञात तस्कर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है ।जल्द ही पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# जिला जनता दरबार आयोजित, डीएम सावन कुमार ने सुनीं 35 लोगों की समस्याएं

**न्यूज स्केल, सुपौल**

**01: जमीन विवाद, राशन, आवास और सामाजिक सुरक्षा प्रमुख समस्याएं रहीं**

**02 : सभी मामलों पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश**




समाहरणालय परिसर में शुक्रवार को जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी सावन कुमार ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतों और मांगों को लेकर पहुंचे। प्रशासन की इस पहल से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिला।

**35 आवेदनों पर हुई सुनवाई** जनता दरबार के दौरान कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों में भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल निकासी और अन्य स्थानीय समस्याएं शामिल थीं। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

**समयबद्ध समाधान के निर्देश** डीएम सावन कुमार ने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का निष्पादन पारदर्शिता के साथ किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**अधिकारियों की मौजूदगी और कार्रवाई शुरू:** इस मौके पर उप विकास आयुक्त सारा अशरफ, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) विकास कुमार कर्ण, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है, जिससे समस्याओं के जल्द समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।

# रविन्द्र बने जिला विधिज्ञ संघ के चुनाव पदाधिकारी



**न्यूज स्केल, सुपौल**

जिला विधिज्ञ संघ के होने वाले चुनाव को लेकर चुनाव पदाधिकारी का चयन कर लिया गया है। जिला विधिज्ञ संघ के तदर्थ समिति के सचिव दीप नारायण भारती ने शुक्रवार को बताया कि चुनाव पदाधिकारी के लिए हुए मतदान में कुल 434 मत पड़े। जिसमें उम्मीदवार रविन्द्र कुमार अधिवक्ता को 286 मत मिले।जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी अधिवक्ता रविशंकर मिश्र को 146 मत प्राप्त हुआ।दो मत को अवैध घोषित कर दिया गया। इस प्रकार अधिवक्ता रविंद्र कुमार 140 मतों से जीत हासिल की। अधिवक्ता रविन्द्र कुमार को चुनाव पदाधिकारी के रूप में विजयी घोषित किया गया। जीत पर अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

# कोसी में समाई चार जिंदगियां : आखिरी लापता राधिका का शव बरामद, गांव में पसरा मातम

**न्यूज स्केल, सुपौल**

**01: नदी में डूबी चार किशोरियों में से आखिरी लापता राधिका कुमारी का शव भी बरामद**

**02: हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर चार हुई, पूरे गांव में शोक का माहौल**



सुपौल जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर सिरे पंचायत में कोसी नदी में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। 22 अप्रैल को नदी में डूबी चार किशोरियों में से आखिरी लापता राधिका कुमारी का शव भी गुरुवार शाम बरामद कर लिया गया। इसके साथ ही मृतकों की संख्या चार हो गई है। शव मिलने के बाद गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिन घरों में कुछ दिन पहले तक हंसी-खुशी का माहौल था, वहां अब सन्नाटा और सिसकियां हैं।

**नहाने के दौरान हुआ दर्दनाक हादसा:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, चारों किशोरियां एक साथ कोसी नदी में स्नान करने गई थीं। इसी दौरान वे अनजाने में नदी के गहरे हिस्से में चली गईं और तेज बहाव में फंस गईं। देखते ही देखते चारों पानी में डूब गईं। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन नदी की तेज धारा और गहराई के कारण सभी प्रयास विफल रहे।

**प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम ने चलाया अभियान:** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आया। पुलिस, अंचल प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। लगातार खोजबीन के बाद तीन किशोरियों के शव पहले ही बरामद कर लिए गए थे, जबकि राधिका कुमारी का पता नहीं चल पा रहा था। कई घंटों की मशक्कत के बाद उसका शव भी घटनास्थल के पास से बरामद किया गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, मुआवजे की मांग** इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और चिंता दोनों है। जनप्रतिनिधियों ने इसे बेहद दुखद बताते हुए मृतकों के परिजनों को सरकारी सहायता और उचित मुआवजा देने की मांग की है।प्रशासन ने भी आपदा राहत के तहत आर्थिक सहायता देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह हादसा कोसी नदी के किनारे सुरक्षा और जागरूकता की कमी को उजागर करता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि खतरनाक स्थानों को चिन्हित कर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, निगरानी बढ़ाई जाए और स्कूल-पंचायत स्तर पर जल सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# जानकी नवमी के पूर्व संध्या पर रामचरितमानस पाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई आयोजित






**न्यूज स्केल, सुपौल**

जानकी नवमी के पूर्व संध्या पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित बाबा धतालदास राम-जानकी ठाकुरबाड़ी में संकल्प के साथ अखंड रामचरित मानस पाठ प्रारंभ हुआ। इसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता के प्रथम चरण में बच्चों द्वारा अति सुंदर रंगोली बनाई गई। रंगोली बनाने का कार्य जारी था।रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक अरुण चौधरी, रामकुमार चौधरी,रंजीत झा एवं प्रभारी विनय कुमार रहे।

रामचरितमानस पाठ के यजमान संजीव कुमार सिंह सपत्नीक रहे। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर बच्चों और कलाकारों का हौसला अफजाई की।



# डिजिटल युग में सुरक्षा की सीख : एच.पी.एस. कॉलेज निर्मली में साइबर हाइजीन पर संगोष्ठी आयोजित

**न्यूज़ स्केल मरौना।**




हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के तत्वावधान में एच.पी.एस. कॉलेज, निर्मली में 'साइबर हाइजीन (सुरक्षा)' विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के प्रति जागरूक करना तथा इंटरनेट के जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित करना था।सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों ने सेमीनार मे उपस्थित छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डेटा चोरी जैसे साइबर खतरों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मजबूत पासवर्ड बनाने, नियमित अपडेट करने और निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि डिजिटल युग में थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है, इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उपेन्द्र पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में डिजिटल डेटा की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने छात्रों को जागरूक और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की सलाह दी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा किए, जिनमें इतिहास विभाग के डॉ. तौकीर हाशमी, मनोविज्ञान विभाग के डॉ. शाहिद इकबाल, प्राणि विज्ञान विभाग की डॉ. अपर्णा, वनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ. आभा झा तथा गणित विभाग के डॉ. बबलू कुमार अधिकारी शामिल रहे। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट ऋषि झा ने साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। छात्रों ने भी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपनी भागीदारी

# संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है मां जानकी : आचार्य धर्मेंद्रनाथ

**न्यूज स्केल, सुपौल**



श्री जगत जननी भगवती श्री सीता जी की अपार महिमा संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है वेद शास्त्र पुराण इतिहास तथा धर्म ग्रंथो में इनकी अनंत लीलाओं का अनंत वर्णन पाया जाता है ।यह भगवान श्री रामचंद्र जी की प्राण प्रिया आद्या शक्ति हैं ।इन्हीं की भृकुटी विलास मात्र से उत्पत्ति स्थिति संघार आदि कार्य हुआ करते हैं। श्रुति का वाक्य है कि समस्त देहधारियों की उत्पत्ति पालन तथा संहा र करने वाली आद्या शक्ति मूल प्रकृति भगवती श्री सीता जी ही हैं। श्री जानकी जी साक्षात आद्या परात्परा शक्ति कहलाती है । उपनिषद में कहा गया है कि पृथ्वी, पाताल स्वर्ग आदि, तीनों भुवन , सप्त द्वीप वसुंधरा तीनों लोक तथा आकाश यह सभी जानकी जी में प्रतिष्ठित हैं । यह कहना है गोसपुर ग्राम निवासी पंडित आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र का ।उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को मनाई जाएगी जानकी नवमी। वैशाख शुक्ल पक्ष नवमी को भगवती सीता जी जानकी जी की प्राकट उत्सव है ।उन्होंने कहा कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि को भगवती जगत जननी जगदंबा मां मैथिली जानकी की प्राकट उत्सव संपूर्ण देश में हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं ।आज ही के दिन भगवती मां मैथिली का प्रादुर्भाव हुआ था।वाल्मीकि संहिता में श्री जानकी जी को श्रुतियों की भी माता बतलाया गया है ।एक बार सब श्रुतियों को यह जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि हमारे माता-पिता कौन हैं? इस तत्व को जानने के लिए बहुत प्रयास किया गया पर जब पता ना लगा तब श्रुतियों ने ब्रह्मा जी के पास गई और बोली हे ब्रह्मा जी ,कृपया हमें यह बताएं कि हमारे माता-पिता कौन हैं ?तब ब्रह्मा जी ने कहा ! मिथिला में महाराज जनक जी के राजमहल में जो श्री सीता जी जमीन से हल के द्वारा प्रकट हुई उन्हीं श्री जानकी जी को तुम अपनी जननी समझो और श्री राम जी को ही अपना पिता समझो। इससे यह सिद्ध होता है की जानकी जी ही सकल स्तुति वंदिता परात्परा शक्ति हैं ।इस प्रकार शास्त्र और संत जनों ने श्री सीता जी को ही आद्या शक्ति परात्परा शक्ति तथा सर्वशक्ति शिरोमणि कह कर वर्णन किया है ।इसलिए जगदंबा श्रीजनक राजपुत्री श्री रामप्रिय श्री जानकी जी ही परात्परा आद्या शक्ति है।आज ही के शुभ दिन यानि वैशाख शुक्ल नवमी को भूमि से माता जानकी का प्रादुर्भाव हुआ था ।अतः सभी श्रद्धालु भक्तों को इस दिन जानकी नवमी का व्रत उपवास एवं विधि विधान पूर्वक साधना व उपासना दान आदि कार्य अवश्य ही करनी चाहिए। शक्ति की उपासना से ही शक्ति की प्राप्ति होती है।

# सिमराही के सरस्वती शिशु मंदिर में सम्मान समारोह



**न्यूज़ स्केल राघोपुर**

सिमराही नगर पंचायत के पिपराही स्थित रामप्रसाद सावित्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष रूप से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक सचिन माधोगड़िया ने कक्षा तीन की छात्रा नेहा कुमारी को सम्मानित किया। नेहा ने न केवल अपनी कक्षा में बल्कि पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वह राजेश कुमार साह और रूबी कुमारी की पुत्री हैं।छात्रा की इस उपलब्धि से प्रभावित होकर सचिन माधोगड़िया ने उसकी पूरे वर्ष की विद्यालय फीस, कुल 11 हजार रुपये, विद्यालय को प्रदान की। उन्होंने फीस की रसीद छात्रा के माता-पिता को सौंपते हुए कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है।उन्होंने बताया कि वे हर वर्ष प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार की पहल करते रहे हैं और भविष्य में भी इसे जारी रखेंगे, ताकि बच्चों का मनोबल बढ़े और वे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार झा, सचिव राजेश कुमार चौधरी, प्रधानाचार्य संतोष कुमार भारती, अभिलाषा कुमारी, रूबी कुमारी सहित विद्यालय के कई शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

# पंचायत सचिव की हड़ताल से ग्राम सभा बाधित

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

**राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कई पंचायतों में नहीं हो सकी ग्राम सभा, लोग परेशान**

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र की सभी पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित की जानी थी। लेकिन प्रखंड के कई पंचायतों में यह आयोजन नहीं हो सका। स्थानीय लोगों के अनुसार ग्राम सभा की सूचना भी उन्हें उसी दिन मिली, जिससे लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रही। सुरजापुर पंचायत के मुखिया महानन्द पासवान ने बताया कि प्रखंड के सूरजापुर, सुखानगर, चिलौनी दक्षिण एवं चिलौनी उत्तर पंचायतों में पंचायत सचिव के पद रिक्त होने तथा करीब 15 दिनों से जारी हड़ताल के कारण ग्राम सभा का आयोजन नहीं हो पाया है। पंचायत सचिव की अनुपस्थिति को ही इस स्थिति का मुख्य कारण माना जा रहा है।

मुखिया का कहना है कि सामान्यतः ग्राम सभा की सूचना जागरूकता अभियान के तहत कम से कम सात दिन पहले दी जाती है।

लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया। सचिव के नहीं रहने से पंचायत स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं।

इन पंचायतों में कन्या विवाह योजना, वंशावली, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, कबीर अंत्येष्टि योजना सहित कई विकासात्मक एवं जनहित के कार्य लंबित हैं। आवश्यक कागजात बनवाने के लिए ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिससे उनमें काफी नाराजगी देखी जा रही है।

इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी से भी शिकायत की है। लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है।

बीडीओ अमरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पंचायत सचिवों की हडताल जारी है। यही कारण है कि ग्राम सभा बाधित है। मुखिया ने प्रशासन से जल्द पंचायत सचिव की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि जनहित के कार्यों में तेजी लाई जा सके।

## अप्रैल में ही झुलसाने लगी गर्मी, पारा 40 के पार पहुंचा

# तेज धूप और गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित, अगले दिनों में और बढ़ सकती है तपिश

**न्यूज़ स्केल त्रिवेणीगंज**



अप्रैल महीने में ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। 24 अप्रैल तक तापमान लगातार बढ़ते हुए 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित होने लगा है। सुबह से ही तेज धूप और दोपहर में चल रही गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्म हवाओं ने हालात को और भी कठिन बना दिया है, जिससे लू जैसी स्थिति बन रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली और पानी की खपत में भी भारी इजाफा हुआ है। कूलर, पंखे और एसी के लगातार चलने से बिजली पर दबाव बढ़ गया है, वहीं ठंडे पानी की मांग भी बढ़ गई है।

स्वास्थ्य पर असर, डॉक्टरों की सलाह -

तेज गर्मी के कारण लोगों में डिहाइड्रेशन, सिर दर्द और थकान जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि लोग धूप में निकलने से बचें, अधिक से अधिक पानी पिएं और हल्के कपड़े पहनें। उधर मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। मई महीने में गर्मी अपने चरम पर पहुंचने की संभावना है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस भीषण गर्मी से बचने के लिए जरूरी सावधानियां अपनानी चाहिए, ताकि लू और अन्य बीमारियों से बचा जा सके।

# 09 मई की राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर नवादा में तैयारी तेज

**न्यूज स्केल नवादा**



आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए नवादा जिला प्रशासन और जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा प्राधिकार के सचिव के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**लंबित मामलों के निष्पादन की रणनीति:** बैठक में सुलहनीय वादों के अधिकाधिक निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए विभागवार लंबित मामलों की समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**थानाध्यक्षों को नोटिस तामिला का निर्देश:** लोक अदालत की सफलता के लिए सभी थानाध्यक्षों को शत-प्रतिशत नोटिस तामिला सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया गया है। संबंधित पक्षकारों तक सूचना पहुंचाने के लिए नोटिस थानों के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। साथ ही न्यायिक पदाधिकारियों के साथ भी लगातार समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि अधिकाधिक मामलों का निष्पादन संभव हो सके।

**विभागवार मामलों पर विशेष चर्चा:** बैठक में खनन, वन, श्रम, विद्युत और दूरभाष विभाग से जुड़े मामलों के निष्पादन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लोक अदालत में प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त, पीठ लिपिकों एवं कार्यालय कर्मियों को नोटिस निर्गत करने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं और पारा विधिक स्वयंसेवकों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि आयोजन को सफल बनाया जा सके।

# जनता के दरबार में जिलाधिकारी: 52 मामलों की सुनवाई, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**न्यूज स्केल सारण**

■ **जिलाधिकारी स्वयं आम लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर देते हैं निर्देश**

-----------------

जिला प्रशासन द्वारा संचालित "जनता के दरबार में जिलाधिकारी" कार्यक्रम के तहत आम लोगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याएं सुनते हैं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हैं।



**भूमि विवाद और अतिक्रमण के मामले प्रमुख:** छपरा के एक आवेदक ने निजी जमीन पर नाला निर्माण की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को जांच का निर्देश दिया। वहीं, मुफस्सिल थाना क्षेत्र की एक महिला ने पड़ोसी द्वारा जमीन पर कब्जा और धमकी की शिकायत की। इस पर अंचलाधिकारी सदर छपरा एवं थाना प्रभारी को स्थल जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया।

**सामाजिक एवं पेंशन मामलों पर भी संज्ञान:** मढ़ौरा की एक वृद्ध महिला ने पुत्र द्वारा देखभाल नहीं किए जाने की शिकायत की, जिस पर भरण-पोषण अधिनियम के तहत सुनवाई का निर्देश दिया गया। नगरा के एक आवेदक ने वृद्धजन पेंशन राशि नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अन्य सभी मामलों में भी समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

**52 आवेदनों की सुनवाई, त्वरित निर्देश:** शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में कुल 52 लोगों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस दौरान सर्वाधिक मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़े पाए गए।

# विरासत संरक्षण में जनभागीदारी जरूरी, प्राचीन पांडुलिपियां करें साझा : डीएम

**सीवान,** (हि.स.)। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे ज्ञान भारतम् मिशन के तहत जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय शुक्रवार को सदर प्रखंड के धनौती गांव पहुंचे। उन्होंने यहां स्थित कबीर पंथ से जुड़े प्राचीन मठ का भ्रमण कर वहां सुरक्षित रखी गई दुर्लभ पांडुलिपियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से इन अमूल्य दस्तावेजों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।



**कबीर मठ का ऐतिहासिक महत्व:** धनौती स्थित कबीर मठ के आचार्य महंत गुरु प्रसाद गोस्वामी और उत्तराधिकारी महंत आमोदशरण गोस्वामी ने बताया कि यह मठ अत्यंत प्राचीन है और संत कबीर दास के शिष्य भगवान गोस्वामी की कर्मस्थली रहा है। उन्होंने बताया कि यहीं पर कबीरदास के प्रसिद्ध ग्रंथ 'बीजक' का संकलन किया गया था, जिससे इस स्थल का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

**प्रदर्शनी ने खींचा लोगों का ध्यान:** कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन और रसमंजरी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से पांडुलिपियों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।इस प्रदर्शनी में विभिन्न प्राचीन दस्तावेजों और हस्तलिखित ग्रंथों को प्रदर्शित किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक विरासत को बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर सदर एसडीएम आशुतोष गुप्ता, जिला दूरसंचार समिति सदस्य गणेश दत्त पाठक, मुखिया प्रतिनिधि इंजीनियर विनय चौहान, बीपीआरओ राजनंदिनी, शिक्षक चंदन कुमार, डॉ. राम सूरत प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण पर जोर:**

डीएम विवेक रंजन मैत्रेय ने कहा कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा को संरक्षित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जिनके पास 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियां हैं, वे उन्हें ज्ञान भारतम् पोर्टल पर अपलोड करें या जिला प्रशासन को इसकी सूचना दें। इससे इन पांडुलिपियों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण और डिजिटलीकरण संभव हो सकेगा, जिससे भविष्य में शोध और अध्ययन के लिए यह सामग्री आसानी से उपलब्ध होगी।

# पुलिसकर्मियों के आपत्तिजनक वीडियो वायरल मामले में 2 गिरफ्तार

**सीवान,** (हि.स.)। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा के निर्देश पर सीवान पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।



एसपी पुरन कुमार झा ने बताया कि 19 अप्रैल 2026 को पुलिस कर्मियों से संबंधित एक आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसे असामाजिक तत्वों द्वारा तैयार कर प्रसारित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू किया गया।

उन्होंने कहा कि जांच के क्रम में वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपियों की पहचान कर ली गई, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के अफरोज अली और सरफराज खान के रूप में हुई है।

एसपी ने स्पष्ट किया कि इस मामले में संलिप्त अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। दोषियों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कड़ी विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

पुरन कुमार झा ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक या भ्रामक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा या प्रसारित करने से बचें। ऐसी गतिविधियां कानूनन अपराध हैं और इसमें शामिल पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एनएच-727 पर हादसा: स्कॉर्पियो की टक्कर से तीन युवक जख्मी, चालक हुआ फरार



**बेतिया,** (हि.स)। बेतिया पुलिस जिला के लौरिया थाना क्षेत्र स्थित जिरिया माई स्थान के पास एनएच-727 पर आज सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज गति से आ रही एक स्कॉर्पियो ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को लौरिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. दिलीप कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर सूरज कुमार और विक्की कुमार को बेहतर इलाज के लिए बेतिया भेज दिया गया, जबकि संदीप कुमार का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है।घायलों की पहचान मानपुर मकरी (थाना बथवरिया) निवासी संदीप (22), सूरज (21) और विक्की (20) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि तीनों युवक किसी काम से बीजबनिया गए थे और लौटते समय हादसा हुआ। वहीं, विक्की की 30 अप्रैल को प्रस्तावित शादी को लेकर परिवार में चिंता का माहौल है। पुलिस जांच में जुटी है।

# माले और एपवा ने महिला आरक्षण पर "झूठा प्रचार बंद करो", 2023 का कानून लागू करने की मांग के साथ निकला मार्च

**न्यूज़ स्केल बेतिया**

-----------------

■ **माले–एपवा का बेतिया में मार्च,** OBC/SC/ST **महिलाओं के लिए अलग कोटा तय करने पर जोर**

-----------------

महिला आरक्षण को लेकर "झूठा प्रचार बंद करो" और वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर भाकपा (माले) और अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (एपवा) के बैनर तले शुक्रवार को शहर में मार्च निकाला गया। मार्च के बाद जिला समाहर्ता गेट पर सभा आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को टालने का आरोप लगाया।




सभा को संबोधित करते हुए माले के केंद्रीय कमिटी सदस्य सह पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित महिला आरक्षण विधेयक को अब तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पहले परिसीमन और जनगणना का हवाला देकर इसे टाल दिया, जबकि अब चुनावी माहौल में इसे लेकर नई पहल की जा रही है, जो सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान भागीदारी देने के बजाय भ्रम फैलाने की कोशिश हो रही है।

माले के युवा नेता फरहान राजा ने महिला आरक्षण में दलित, पिछड़ी (OBC) एवं आदिवासी (SC/ST) समुदाय की महिलाओं की समुचित हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करने के लिए इन वर्गों की महिलाओं के लिए अलग से कोटा निर्धारित किया जाना चाहिए। जिला कमिटी सदस्य संजय यादव ने कहा कि महिला आरक्षण को लागू करने के बजाय इसे राजनीतिक मुद्दा बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और अन्य संवैधानिक प्रक्रियाओं का हवाला देकर आरक्षण को टालने की कोशिश की गई। अब अपनी विफलता छुपाने के लिए विपक्ष पर आरोप लगाए जा रहे हैं, जो महिलाओं को गुमराह करने का प्रयास है।

सभा में बैरिया मुखिया नवीन कुमार, सुरेंद्र चौधरी, मोजमिल हुसैन, भरत शर्मा, महेंद्र राम, जवाहर प्रसाद, अशर्फी राम, सोना और सुलेखा सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और महिला आरक्षण को शीघ्र लागू करने की मांग दोहराई।

# अवैध हथियार के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

सीवान, (हि.स.)। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा के निर्देश पर सीवान पुलिस ने सक्रिय पुलिसिंग के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



एसपी पुन कुमार झा ने बताया कि 21 अप्रैल 2026 को सूचना मिली थी कि नगर थाना कांड संख्या 448/26 से संबंधित आरोपी गांधी मैदान के पास देखा गया है।

सूचना के आधार पर नगर थाना पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान राम गिरी को एक देशी कट्टा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए एक अन्य आरोपी अजय प्रसाद का नाम बताया।

इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर छापेमारी कर अजय प्रसाद को गिरफ्तार किया और उसके पास से चोरी किया गया कॉपर पाइप बरामद किया।

एसपी ने कहा कि इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## नगर पंचायत और नगर परिषद प्रशासन ने जाम हटाने के साथ ट्रेड लाइसेंस की जाँच की



**पश्चिम चंपारण(बेतिया/बगहा),** (हि.स.)। नगर पंचायत मच्छरगावाँ प्रशासन ने आज शुक्रवार को शहर की सड़कों को जाम मुक्त करने और व्यापारिक नियमों के अनुपालन के लिए एक बड़ा अभियान चलाया है।मटकोटा चौक से लेकर थाना तक के मुख्य मार्ग पर सघन छापेमारी की गई, जिसमें सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा जमाए 12 दुकानदारों के अस्थायी अतिक्रमण को मौके पर ही ध्वस्त कर रास्ता सुचारू कराया गया।अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई के साथ-साथ प्रशासनिक टीम ने दुकानदारों के ट्रेड लाइसेंस की भी गहन जाँच की, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्र में संचालित व्यवसायों को कानूनी दायरे में लाना है। नगर पंचायत प्रशासन ने सख्त चेतावनी दी है ,कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर भारी जुर्माना वसूला जाएगा, ताकि आम जनता को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

नगर परिषद, बगहा के द्वारा भी ट्रेड लाइसेंस हेतु कार्रवाई की गई। दुकानों को ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने के लिए 27 दुकानों की जाँच कर कार्रवाई की गई।

## भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई : निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा

**न्यूज़ स्केल पटना/रोहतास,** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने आज निगरानी थाना कांड संख्या 049/26 के तहत कार्रवाई करते हुए प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड राजपुर, जिला रोहतास श्री जनार्दन कुमार को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

यह गिरफ्तारी थाना राजपुर क्षेत्र के न्यू रॉयल अस्पताल के समीप सड़क किनारे की गई, जहां आरोपी को तय राशि लेते हुए धावादल ने दबोच लिया।



जानकारी के अनुसार, परिवादी श्री प्रशांत कुमार, निवासी राजपुर, ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी द्वारा धान अधिप्राप्ति से संबंधित पैक्स के भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन भेजने के एवज में अवैध राशि की मांग की जा रही थी।

शिकायत प्राप्त होने के बाद ब्यूरो द्वारा उसका सत्यापन कराया गया, जिसमें आरोप सही पाए गए।इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक श्री अखिलेश कुमार के नेतृत्व में विशेष धावादल का गठन किया गया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसे माननीय विशेष निगरानी न्यायालय, पटना में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में अग्रतर अनुसंधान जारी है।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

# अपराध नियंत्रण हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक ने की सघन वाहन जांच

**सारण,** (हि.स.)। अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन में सिवान-सारण मुख्य मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर चेकिंग प्वाइंट बनाकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान पुलिस बल ने संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के साथ-साथ अवैध हथियार, शराब और मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए विशेष सतर्कता बरती। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई और उन्हें भविष्य में नियमों के पालन की कड़ी हिदायत दी गई।मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध पर लगाम लगाने और आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे कानून का सम्मान करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को दें ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।



# समुद्री क्षेत्र के विकास, कौशल निर्माण के लिए केंद्र ने दिल्ली विवि, डीएसई के साथ किया समझौता




**नई दिल्ली,** (हि.स.) देश में समुद्री क्षेत्र के विकास, क्षमता निर्माण और कौशल आधारित शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल के तहत मैरिटाइम शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि इस क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन तैयार किया जा सके। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह, आरआईएस के महानिदेशक प्रोफेसर सचिन कुमार शर्मा, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक सहित कई शिक्षाविद, नीति विशेषज्ञ और छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर एमओयू का आदान-प्रदान, तकनीकी सत्र, छात्रों से संवाद और 'ब्लू इकॉनमी' पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। समझौते के तहत विश्वविद्यालय स्तर पर समुद्री विषयों से जुड़े कोर और वैकल्पिक पाठ्यक्रम तैयार किए जाएंगे। साथ ही प्रशिक्षण सामग्री विकसित कर विभिन्न संस्थानों में साझा की जाएगी। संयुक्त शोध परियोजनाओं, सेमिनार, सम्मेलन और प्रकाशनों के माध्यम से इस क्षेत्र में ज्ञान के प्रसार को बढ़ावा मिलेगा। छात्रों को रोजगार और करियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा तथा 'मैरिटाइम अमृतकाल विजन 2047' के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि मैरिटाइम सेक्टर भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि देश का 95 प्रतिशत से अधिक व्यापार समुद्री मार्गों से होता है, इसलिए इस क्षेत्र का विकास अत्यंत आवश्यक है। सरकार 11 हजार किलोमीटर लंबी तटरेखा, 12 प्रमुख और 200 से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाहों तथा 111 राष्ट्रीय जलमार्गों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आरआईएस के महानिदेशक प्रो. सचिन कुमार शर्मा ने इसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं कुलपति योगेश सिंह ने कहा कि इस पहल से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और नए रोजगार अवसर मिलेंगे, जिससे देश में समुद्री शिक्षा को नई दिशा मिलेगी।

## लगातार तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के



**नई दिल्ली,** (हि.स.)कमजोर वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के दबाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट का रुख देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में उतार-चढ़ाव बना रहा, लेकिन कुछ देर बाद तेज बिकवाली हावी हो गई, जिससे प्रमुख सूचकांक लाल निशान में चले गए। कारोबार के पहले एक घंटे के बाद सेंसेक्स लगभग 0.90 प्रतिशत और निफ्टी करीब 0.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। हालांकि शुरुआती मिनटों में लिवाली के चलते दोनों सूचकांक हल्की बढ़त में भी पहुंचे, लेकिन यह तेजी ज्यादा देर टिक नहीं सकी।

सेंसेक्स ने 77,483 अंक के स्तर पर कमजोर शुरुआत की और गिरते हुए 76,829 अंक तक पहुंच गया। वहीं निफ्टी भी 24,100 अंक के नीचे फिसलकर 23,944 अंक के स्तर तक गिर गया। बाजार में लगातार खरीद-बिक्री के बीच उतार-चढ़ाव जारी रहा, लेकिन बिकवाली का दबाव ज्यादा मजबूत रहा। आज के कारोबार में टेक्नोलॉजी शेयरों पर सबसे अधिक दबाव देखने को मिला, जबकि कुछ ऑटो और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में हल्की मजबूती दर्ज की गई। कुल मिलाकर बाजार में चौतरफा कमजोरी रही और अधिकतर शेयर नुकसान में कारोबार करते नजर आए।बाजार के आंकड़ों के अनुसार, हजारों शेयरों में से अधिकांश लाल निशान में रहे, जबकि केवल सीमित संख्या में शेयरों ने ही बढ़त बनाए रखी। लगातार गिरावट से निवेशकों की धारणा कमजोर बनी हुई है और बाजार में अस्थिरता का माहौल जारी है।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी, 107 डॉलर के स्तर तक पहुंचा ब्रेंट क्रूड



**नई दिल्ली,** (हि.स.)पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर अंतरराष्ट्रीय बाजार पर साफ दिख रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार पांचवें दिन तेजी दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 97.60 डॉलर प्रति बैरल तक उछला। हालांकि कारोबार के दौरान मामूली उतार-चढ़ाव भी देखा गया।

**होर्मुज स्ट्रेट से सप्लाई बाधित** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट को लेकर विवाद ने वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित किया है। इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से कच्चे तेल और गैस की आवाजाही लगभग बाधित हो गई है, जिससे बाजार में सप्लाई दबाव बढ़ गया है।

**ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई का कारोबार:** ब्रेंट क्रूड ने 106.12 डॉलर से कारोबार की शुरुआत कर 107 डॉलर प्रति बैरल तक छलांग लगाई। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड ने 96.77 डॉलर से शुरुआत कर 97.60 डॉलर प्रति बैरल का स्तर छुआ। सुबह 10 बजे तक दोनों में हल्की गिरावट भी दर्ज की गई।

**विशेषज्ञों की चिंता और भविष्य की स्थिति:** विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की संभावना फिलहाल कमजोर है। ऐसे में होर्मुज स्ट्रेट से तेल आपूर्ति बाधित रहने की आशंका है, जिससे आने वाले दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

**देश के प्रमुख शहरों में 24 कैरेट सोना 1,53,540 से 1,54,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है।**

------------------

1. सोने की कीमत में लगातार गिरावट का सिलसिला



नई दिल्ली, 24 अप्रैल (हि.स.)। सर्राफा बाजार में सोने के दामों में गिरावट का रुख लगातार पांचवें दिन जारी रहा। शुरुआती कारोबार में सोना 1,100 रुपये से 1,200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ। लगातार दबाव के चलते निवेशकों में सतर्कता देखी जा रही है।

**चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट:** सोने के साथ-साथ चांदी के भाव में भी तेज गिरावट दर्ज की गई। चांदी की कीमत में करीब 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमी आई है। इससे सर्राफा बाजार में कुल मिलाकर मंदी का माहौल बना हुआ है।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार का असर भारत पर:** अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कमजोरी देखने को मिली। सोना 0.49 प्रतिशत गिरकर 4,675.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 76.37 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। वैश्विक गिरावट का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ा है।

**. प्रमुख शहरों में सोने के ताजा भाव:** देश के विभिन्न शहरों में 24 कैरेट सोना 1,53,540 रुपये से 1,54,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना 1,40,740 रुपये से 1,41,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में है। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, पटना और जयपुर में भी यही रुख देखने को मिला।

**बाजार में मंदी का माहौल बरकरार:** चेन्नई, कोलकाता, भोपाल, बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर सहित अन्य शहरों में भी सोने के दामों में गिरावट दर्ज की गई है। लगातार कमजोरी के चलते सर्राफा बाजार में निवेशक फिलहाल सतर्क बने हुए हैं।

## नाखून पर उभरी धारियां किस बात का संकेत हैं? जानिए कारण और बचाव



नाखूनों पर खड़ी या हल्की धारियां (ओनिकोरेक्सिस) अक्सर उम्र बढ़ने के साथ दिखाई देती हैं और यह सामान्य मानी जाती हैं। ये धारियां नाखून के आधार से लेकर सिरे तक बनती हैं और समय के साथ अधिक स्पष्ट हो सकती हैं, खासकर जब नाखून पतले और कमजोर हो जाते हैं। हालांकि, कई बार ये धारियां शरीर में पोषक तत्वों की कमी का संकेत भी हो सकती हैं। आयरन, विटामिन बी9 (फोलिक एसिड) और प्रोटीन की कमी इसके प्रमुख कारण माने जाते हैं। इसके अलावा त्वचा का अत्यधिक सूखापन, डिहाइड्रेशन, थायराइड की समस्या, रूमेटाइड गठिया और कुछ त्वचा रोग भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। नाखूनों पर बार-बार चोट लगना, केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का अधिक उपयोग और गलत तरीके से मैनीक्योर भी इसका कारण बन सकते हैं।विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि नाखूनों की देखभाल, पर्याप्त पोषण और मॉइस्चराइजिंग से इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

## राशिफल : 25 अप्रैल, 2026

मेष - व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

मिथुन - आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

सिंह - दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

तुला - अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

धनु - धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

कुम्भ - शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

वृष - आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

कर्क - व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

कन्या - मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। इ्क्षचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

वृश्चिक - आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

मकर - परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

मीन - प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। शुभांक-2-5-7

## पंचांग : 25 अप्रैल, 2026

25 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य मेष में
चंद्र कर्क में
मंगल मीन में
बुध मीन में
गुरु मिथुन में
शुक्र वृष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
वृष 06.42 बजे से
मिथुन 08.40 बजे से
कर्क 10.53 बजे से
सिंह 13.09 बजे से
कन्या 15.21 बजे से
तुला 17.32 बजे से
वृश्चिक 19.47 ब.से
धनु 22.03 बजे से
मकर 00.08 बजे से
कुंभ 01.54 बजे से
मीन 03.27 बजे से
मेष 04.58 बजे से

शनिवार 2026 वर्ष का 115 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु ग्रीष्म।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास वैशाख पक्ष शुक्ल
तिथि नवमी 18.29 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आश्लेषा 20.05 बजे को समाप्त।
योग गण्ड 23.43 बजे को समाप्त।
करण बालव 06.51 बजे तदनन्तर कौलव 18.29 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 7.5 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 130 07
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872690
जूलियन दिन 2461155.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्काद
तारीख 07
विशेष सीता नवमी, जानकी जयंती।

# बंगाल में चुनावी माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा में की बोट की सवारी, कोलकाता घाट पर शख्स को लगाया गले

**कोलकाता, (हि.स.)**

पश्चिम बंगाल के चुनावी रण के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। झारग्राम में झालमुरी खाने के बाद शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री मोदी का एक अलग अंदाज देखने को मिला। कोलकाता के गंगा घाट पर उन्होंने बोट की सवारी की और वहां मौजूद लोगों से मुलाकात की। गंगा घाट पर अचानक पहुंचे प्रधानमंत्री को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ गई थी। प्रोटोकॉल तोड़ते हुए उन्होंने लोगों से मुलाकात की, बातचीत की और एक व्यक्ति को गले से लगाया। प्रधानमंत्री से मिलकर वो शख्स अपनी जिंदगी की परेशानियों को बताते हुए भावुक हो गया। उनकी तस्वीर वायरल हो गई। नदिया और दक्षिण 24 परगना में गुरुवार को जनसभाओं को संबोधित करने, बेलूर मठ में दर्शन करने तथा हावड़ा में भव्य रोड शो
के बाद प्रधानमंत्री ने रात्रि विश्राम राजभवन ( लोकभवन) में किया। सवेरा होने से कुछ पहले गंगा नदी के किनारे पहुंचे। उन्होंने मां गंगा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। नौका विहार भी किया और हाथ में कैमरा लेकर नदी तट, हावड़ा पुल तथा आसपास के मनोहारी दृश्यों को कैद किया। उनकी यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा का विषय बन गईं।
प्रधानमंत्री ने एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि हर बंगाली के मन में गंगा का विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि बंगाल की आत्मा में बहने वाली सांस्कृतिक धारा है। मां गंगा का पावन जल
अपने साथ एक पूरी सभ्यता की शाश्वत चेतना को समेटे हुए है। गंगा तट पर बिताए समय के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने स्थानीय नाविकों और सुबह की सैर पर निकले लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने नाविकों की मेहनत, अनुशासन और कर्मठता की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणादायक बताया। प्रधानमंत्री ने
कहा कि हुगली के तट पर बिताया गया यह समय मां गंगा के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर था। साथ ही पश्चिम बंगाल के विकास और राज्य की जनता की समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।
उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुरुवार शाम प्रधानमंत्री ने हावड़ा से कोलकाता तक विशाल रोड शो किया, जिसमें जनसैलाब उमड़ा। उन्होंने कहा था कि बंगाल के हर कोने में परिवर्तन की इच्छा स्पष्ट दिखाई दे रही है। शुक्रवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे।



# बंगाल में प्रथम चरण के चुनाव के बाद निर्वाचन आयोग सख्त, कैमरों के डेटा सुरक्षा के लिए जारी किए नए निर्देश

**कोलकाता,** (हि.स.)।

■ **भारी मतदान और संवेदनशीलता को देखते हुए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।**



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण के मतदान के बाद निर्वाचन आयोग ने पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए नई सख्त व्यवस्था लागू की है। आयोग ने मतदान केंद्रों पर लगाए गए निगरानी कैमरों और उनमें सुरक्षित वीडियो डेटा के संरक्षण को लेकर ताजा दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद कैमरों से मेमोरी कार्ड नहीं निकाले जाएंगे। केवल कैमरे उतारे जाएंगे और उन्हें सेक्टर अधिकारी की निगरानी में सुरक्षित रखा जाएगा। स्मृति कार्ड निर्धारित डेटा संग्रहण और प्राप्ति केंद्र पर सहायक निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में ही निकाले जा सकेंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि वीडियो सामग्री की पूरी जिम्मेदारी तय रहेगी और उसका रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि किसी शिकायत, विवाद या जांच की स्थिति में प्रमाण उपलब्ध रहे। इससे छेड़छाड़ या डाटा गायब होने की आशंका कम होगी। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण में औसतन लगभग 93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों की कई सीटों पर मतदान प्रतिशत इससे भी अधिक रहा, जो मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है।
अधिकारियों का कहना है कि भारी मतदान और चुनावी संवेदनशीलता को देखते हुए निगरानी फुटेज का सुरक्षित रहना बेहद जरूरी है। इसी कारण मतदान के बाद की प्रक्रिया को लेकर सख्त नियम लागू किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना चार मई को

# जादवपुर विश्वविद्यालय पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को लेकर ममता बनर्जी का पलटवार

**कोलकाता,** (हि.स.)।

कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री की जादवपुर विश्वविद्यालय पर की गई टिप्पणी को लेकर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश के प्रतिष्ठित संस्थान का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि क्या मेधावी छात्रों पर इस तरह की भाषा उचित है।

**जादवपुर विश्वविद्यालय का ममता बनर्जी ने किया बचाव**
मुख्यमंत्री ने जादवपुर



विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्थान लगातार राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग में शीर्ष स्थानों पर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के छात्र अपनी मेहनत और योग्यता के बल पर प्रवेश पाते हैं और ज्ञान के साथ बाहर निकलते हैं। उन्होंने इसे बंगाल की शैक्षणिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक बताया।

**केंद्र सरकार पर परोक्ष राजनीतिक हमला:** ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि असली अराजकता तब होती है जब सत्ता का उपयोग दबाव बनाने में किया जाए और गरीबों तथा किसानों की आवाज दबाई जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज को विभाजित करने की कोशिशें हो रही हैं और सरकार जवाबदेही से बच रही है।

**01: ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर परोक्ष हमला करते हुए आरोप लगाया कि सत्ता का उपयोग दबाव बनाने और जनता की आवाज दबाने में किया जा रहा है।**

**मणिपुर का उल्लेख और राजनीतिक माहौल गरमाया:**
मुख्यमंत्री ने मणिपुर की स्थिति का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि देश के कई हिस्से संकट में हैं, जबकि सरकार चुनावी राजनीति में व्यस्त है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जादवपुर में चुनावी सभा के दौरान टिप्पणी की थी, जिसके बाद यह विवाद और तेज हो गया है।

## भारत की एडवाइजरी : नागरिकों को ईरान यात्रा से बचने और वहां से जल्द निकलने की सलाह

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत सरकार ने अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा न करने की सख्त सलाह जारी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात को देखते हुए लोगों को हवाई और जमीनी—दोनों रास्तों से ईरान जाने से बचना चाहिए।
विदेश मंत्रालय की एडवाइजरी के अनुसार, भले ही ईरान के लिए सीमित उड़ानें शुरू हो गई हों, लेकिन हवाई क्षेत्र में प्रतिबंध और संचालन से जुड़ी अनिश्चितताएं अब भी बनी हुई हैं। इससे यात्रियों की सुरक्षा को जोखिम हो सकता है।सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो भारतीय नागरिक इस समय ईरान में मौजूद हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी गई है। इसके लिए तय जमीनी मार्गों का उपयोग करने को कहा गया है, ताकि सुरक्षित तरीके से देश वापसी सुनिश्चित की जा सके।एडवाइजरी में नागरिकों को विशेष रूप से यह निर्देश दिया गया है कि किसी भी सीमा को पार करने से पहले वे संबंधित क्षेत्रों में स्थित भारतीय दूतावासों के साथ समन्वय करें। इससे निकासी प्रक्रिया को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

# नेपाल में उप्र के रहने वाले 20 तीर्थ नागरिकों की बस खाई में गिरी, बच्ची समेत दो की मौत

**बद्रीनाथ,** (हि.स.)।

■ **हादसे में महिला निरमा मौर्या (30) और बच्ची काव्या मौर्या की मौत हो गई।**



महाराजगंज जिले से नेपाल तीर्थ पर गए श्रद्धालुओं की बस गुरुवार को पिउठान जिले में स्वर्गद्वारी के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। बस में कुल 21 लोग सवार थे, जिनमें 20 यात्री उत्तर प्रदेश के महाराजगंज के सेवा राजा गांव के निवासी थे और एक स्थानीय चालक शामिल था। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही दो लोगों—महिला निरमा मौर्या (30) और बच्ची काव्या मौर्या—की मौत हो गई। बाकी सभी घायल यात्रियों को तत्काल नजदीकी लुंबिनी सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।
**प्रशासनिक राहत और बचाव कार्य:** घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन सक्रिय हो गया। महाराजगंज के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि नेपाली प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर राहत कार्य शुरू किया गया है। एसडीएम नौतनवा को मौके पर भेजा गया है, जबकि एडीएम स्तर के अधिकारी सोनौली में कैंप कर रहे हैं। 10 एंबुलेंस और मेडिकल टीम नेपाल भेजी गई है।
**घायलों के इलाज पर विशेष निगरानी:** जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज को अलर्ट पर रखा गया है तथा घायलों के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश भी दिए गए हैं।

# बीकेटीसी के एक सदस्य ने एक करोड़ एक लाख की धनराशि मंदिर समिति को दी दान

**बद्रीनाथ,** (हि.स.)।



श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी ) के वरिष्ठ सदस्य और देश के प्रसिद्ध उद्योगपति महेन्द्र शर्मा ने मंदिर समिति को 1 करोड़ 1 लाख रुपये का चेक दान स्वरू प सौंपा है। बदरीनाथ धाम में मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने उद्योगपति महेन्द्र शर्मा का स्वागत कर उनका आभार जताया।
बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के मूल निवासी महेंद्र शर्मा देश के प्रसिद्ध उद्योगपति हैं तथा एक दशक से श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य हैं। उद्योगपति महेन्द्र शर्मा ने देशभर के तीर्थस्थलों के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी क्रम में उन्होंने बीकेटीसी को एक करोड़ एक लाख का दान दिया है। उन्होंने उद्योगपति महेन्द्र शर्मा के योगदान को सराहनीय बताते हुए अन्य श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक बताया।
उद्योगपति एवं बीकेटीसी सदस्य महेन्द्र शर्मा ने बताया कि भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ के प्रति उनकी गहरी आस्था है और यह दान उसी श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने आशा जतायी कि मंदिर समिति इस राशि का उपयोग धार्मिक प्रयोजन और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए करेगी। मंदिर समिति के अन्य सदस्यों और अधिकारियों ने भी दानदाता का अभिनंदन किया।
इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, प्रभारी अधिकारी गिरीश चौहान, अधिशासी अभियंता विपिन तिवारी मंदिर अधिकारी राजेन्द्र चौहान निजी सचिव प्रमोद नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# पहले चरण के मतदान में तृणमूल ने शतक पार किया : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता,** (हि. स.)।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बड़ा दावा किया है। हावड़ा के जगतबल्लभपुर में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद ही तृणमूल कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा पार कर चुकी है और भाजपा खेमे में घबराहट का माहौल है। निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान हुआ, जिसमें लगभग 92.88 प्रतिशत रिकॉर्ड



मतदान दर्ज किया गया, जिसे बेहद उच्च माना जा रहा है। मतदान प्रतिशत को लेकर तृणमूल और भाजपा दोनों ही दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने 125 से कम सीटें न मिलने की बात कही थी, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 110 सीटों पर भाजपा की जीत का दावा किया है। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि पार्टी 125 के आसपास सीटें जीत सकती है। अभिषेक बनर्जी ने 2021 और 2024 के चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि अधिक मतदान हमेशा तृणमूल के पक्ष में रहा है।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के समर्थन में प्रचार करने कोलकाता आएंगे अरविंद केजरीवाल

**कोलकाता,** (हि.स.)।
पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी ( आआपा ) प्रमुख अरविंद केजरीवाल तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के समर्थन में कोलकाता आएंगे।
आआपा सूत्रों के अनुसार,



तृणमूल कांग्रेस के आमंत्रण पर केजरीवाल आगामी 26 व 27 अप्रैल को कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में ममता बनर्जी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।
गौरतलब है कि, राज्य में 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान हुआ। उससे पहले बुधवार को अरविंद केजरीवाल ने ममता बनर्जी से फोन पर बात की थी। बाद में उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।
=केजरीवाल ने लिखा कि अभी-अभी ममता दीदी से फोन पर बात हुई है। उन्होंने उनके प्रति पूरी एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी एक कठिन और महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ रही हैं, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए भी बहुत अहम है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग सहित विभिन्न संस्थाओं का दुरुपयोग करने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी इस चुनाव में हारेगी।

# पश्चिम एशिया अमेरिकी विमानवाहक यूएसएस जॉर्ज बुश हिंद महासागर पहुंचा



**वाशिंगटन, (हि.स.)** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने अपनी सैन्य मौजूदगी को और मजबूत करते हुए एक और विशाल विमानवाहक पोत तैनात किया है। अमेरिकी नौसेना का निमित्ज श्रेणी का परमाणु संचालित विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश (सीवीएन-77) हिंद महासागर में पहुंच गया है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने जानकारी दी कि यह पोत 23 अप्रैल को उनके अधिकार क्षेत्र में प्रवेश कर गया।

इस तैनाती के साथ अब पश्चिम एशिया में तीन एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप सक्रिय हो गए हैं। इनमें यूएसएस अब्राहम लिंकन (सीवीएन-72) पहले से अरब सागर में तैनात है, जबकि यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड (सीवीएन-78) लाल सागर क्षेत्र में मोर्चा संभाले हुए है। इससे क्षेत्र में अमेरिका की समुद्री, हवाई और निगरानी क्षमता काफी बढ़ गई है।

निमित्ज श्रेणी के विमानवाहक पोत दुनिया के सबसे बड़े और शक्तिशाली युद्धपोतों में गिने जाते हैं। करीब 1,092 फीट लंबे और लगभग एक लाख टन वजनी ये पोत दो परमाणु रिएक्टरों से संचालित होते हैं, जिससे इन्हें लंबे समय तक बिना ईंधन भरे चलाया जा सकता है। इन पर 64 से 80 तक लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर तैनात किए जा सकते हैं। साथ ही, एक पोत पर करीब 6,000 से अधिक चालक दल और विमान कर्मी मौजूद रहते हैं, जिसके कारण इन्हें "तैरता हुआ शहर" भी कहा जाता है।

रिपोर्ट के अनुसार, यूएसएस जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश (सीवीएन-77) ने अफ्रीका के दक्षिणी सिरे केप ऑफ गुड होप के रास्ते लंबा सफर तय कर हिंद महासागर में प्रवेश किया। इसने लाल सागर और बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य से बचते हुए यह मार्ग चुना, जहां हूती विद्रोहियों से खतरा बना हुआ है।

तीनों विमानवाहक पोतों की एक साथ तैनाती को अमेरिका की ओर से एक मजबूत सैन्य संदेश माना जा रहा है। यह कदम ईरान के साथ जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

# नेपाल में बागमती नदी के किनारे बस्तियों को खाली कराने के विरोध में प्रदर्शन



**काठमांडू, (हि.स.)** नेपाल की राजधानी काठमांडू में बागमती नदी किनारे स्थित बस्तियों को खाली कराने के सरकारी निर्णय के खिलाफ शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। थापाथली क्षेत्र में रह रहे सुकुमबासी और भूमिहीन लोगों के समर्थन में अन्य नागरिक भी शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने "विकास के नाम पर विस्थापन नहीं", "अधिकार चाहिए", "गरीबों पर अन्याय बंद करो" और "पुनर्वास के बिना हटाने का फैसला स्वीकार नहीं" जैसे नारे लगाते हुए सरकार का विरोध किया।

राष्ट्रीय जेनजी नागरिक अभियान के सह-संयोजक ने कहा कि वे गरीबों के अधिकारों के साथ खड़े हैं और सरकार पर आरोप लगाया कि वह डोजर चलाने की धमकी देकर लोगों में भय का माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि वास्तविक सुकुमबासियों के उचित पुनर्वास के बाद ही कोई कार्रवाई होनी चाहिए।

इधर, शनिवार सुबह से ही कुछ परिवारों ने खाली कराने की सूचना के बाद अपना सामान हटाना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के निर्देश के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने अतिक्रमित बस्तियों को हटाने की तैयारी तेज कर दी है।

# पाकिस्तान के खैबर जिले में सुरक्षा बलों ने 22 आतंकियों को मार गिराया।

**इस्लामाबाद, (हि.स.)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में सुरक्षा बलों ने 22 आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया है।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए संयुक्त अभियान में की गई।



दुनिया न्यूज के अनुसार यह अभियान 21 अप्रैल को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया था।

सुरक्षा बलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके दौरान भीषण गोलीबारी हुई।

इस मुठभेड़ में 22 आतंकवादी मारे गए, हालांकि दुर्भाग्य से एक 10 वर्षीय बच्चा भी जान गंवा बैठा।

अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

आईएसपीआर ने कहा कि देश में आतंकवाद के खिलाफ अज्म-ए-इस्तेहकाम अभियान जारी है।

खैबर जिला अफगान सीमा के पास स्थित है और ऐतिहासिक खैबर दर्रे के लिए जाना जाता है।

सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में सर्च अभियान तेज कर दिया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# ईरानी अधिकारियों ने मोजतबा खामेनेई की गंभीर शारीरिक चोटों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है



**तेहरान (ईरान), (हि.स.)** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की शारीरिक स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चर्चाएं तेज हो गई हैं। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि शुरुआती संघर्ष काल में हुए कथित अमेरिकी हमले के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। इस घटना में उनके पिता अली खामेनेई समेत कई वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की मृत्यु हुई थी, जिससे ईरान की सत्ता संरचना प्रभावित हुई।

ब्रिटेन स्थित इंटरनेशनल बिजनेस टाइम्स की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि खामेनेई के चेहरे पर गंभीर जलन और स्थायी विकृति के संकेत मिले हैं। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें पुनर्निर्माण संबंधी प्लास्टिक सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि उनके पैर में कई बार सर्जरी की गई है और भविष्य में कृत्रिम अंग लगाए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

सूत्रों के अनुसार, वे अभी भी जलने और हड्डियों को हुए नुकसान के दीर्घकालिक प्रभावों से जूझ रहे हैं। हालांकि ईरानी अधिकारियों का कहना है कि वह मानसिक रूप से पूरी तरह सक्रिय हैं और शासन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में भाग ले रहे हैं।

इसके बावजूद उनकी सीमित शारीरिक क्षमता ने प्रशासनिक कार्यों की गति और शैली को प्रभावित किया है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि उनकी सीमित सक्रियता के कारण इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ कमांडरों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ये अधिकारी रणनीतिक और सैन्य निर्णयों में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं और कई मामलों में मध्यस्थ की भूमिका भी निभा रहे हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि खामेनेई की सार्वजनिक अनुपस्थिति ने सत्ता से जुड़े कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वह लंबे समय से न तो किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखाई दिए हैं और न ही कोई संबोधन दिया है। सुरक्षा कारणों और स्वास्थ्य गोपनीयता के चलते उनका संपर्क अत्यंत सीमित बताया जा रहा है।

मार्च में नेतृत्व संभालने के बाद से उनकी स्थिति को लेकर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अटकलें तेज हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा हालात ने ईरान की आंतरिक निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित किया है और सत्ता के विभिन्न केंद्रों के बीच संतुलन बदल रहा है। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच खामेनेई का स्वास्थ्य अब एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक मुद्दा बन गया है।

# अमेरिका समझौते के लिए होर्मुज में ईरान को घेरने को तैयार, तेहरान का जवाब- देखेंगे

**वाशिंगटन/तेहरान, (हि.स.)** वाशिंगटन और तेहरान के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है और होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में हालात अत्यंत संवेदनशील बने हुए हैं। अमेरिकी सेना से जुड़े सूत्रों के अनुसार यदि संघर्ष विराम विफल होता है तो ईरान के रक्षा ठिकानों पर समन्वित हमलों की योजना तैयार की जा रही है। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि यह हमले होर्मुज, दक्षिणी अरब खाड़ी और ओमान की खाड़ी के आसपास केंद्रित हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से हिजबुल्लाह की फंडिंग रोकने और परमाणु मुद्दे पर कड़े रुख की बात कही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान में सत्ता के भीतर मतभेद हैं जबकि खामेनेई ने इसे पूरी तरह खारिज किया है। खामेनेई ने कहा कि देश में एकता मजबूत है और ईरान किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगा तथा मुकाबला करेगा। होर्मुज में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। कूटनीतिक प्रयास जारी हैं लेकिन दोनों देशों के बीच बयानबाजी से स्थिति और अधिक जटिल होती जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय नजर बनाए हुए है और आशंका जताई जा रही है कि यदि तनाव और बढ़ता है तो क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है तथा ऊर्जा आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। विशेषज्ञों ने दोनों पक्षों से संयम और बातचीत की अपील की है ताकि संकट टाला जा सके।



# डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल-लेबनान संघर्ष विराम की घोषणा की



**वाशिंगटन, (हि.स.)** वाशिंगटन में अमेरिकी मध्यस्थता के तहत इजराइल और लेबनान के बीच गुरुवार को हुई राजदूत स्तर की वार्ता में तीन सप्ताह के सैन्य विराम (सीज फायर) पर सहमति बनी। बैठक के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि दोनों देशों के बीच युद्ध विराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाया गया है। इससे पहले 16 अप्रैल को 10 दिन का अस्थायी संघर्ष विराम लागू हुआ था। वार्ता व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो और दोनों देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई। ट्रंप ने इसे शांति की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। हालांकि इस दौरान हिजबुल्लाह और इजराइली सेना के बीच रॉकेट हमलों और जवाबी कार्रवाई से तनाव जारी है।

# खाड़ी युद्ध के चलते पश्चिम एशिया से अब तक 30 हजार नेपाली नागरिक स्वदेश लौटे

**काठमांडू, (हि.स.)** पश्चिम एशिया में इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े तनाव और युद्ध जैसी स्थिति के बाद से अब तक लगभग 30 हजार नेपाली नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं। नेपाल सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशों में रह रहे नेपाली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया था, जिस पर अब तक 87 हजार 819 लोगों ने पंजीकरण कराया है।



शुक्रवार को आयोजित नियमित पत्रकार सम्मेलन में विदेश मंत्रालय के सहसचिव रामजी खड्का ने जानकारी देते हुए बताया कि लौटने वाले सभी नागरिकों को केवल युद्ध से प्रभावित मानना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों से लौटने वालों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की भी है, जो अन्य कारणों से वापस आए हैं। विशेष रूप से कतर से ही 21 से 22 हजार नेपाली नागरिकों के लौटने की पुष्टि की गई है।

खड्का ने बताया कि युद्ध के शुरुआती दौर में लगभग 7 हजार लोगों ने तत्काल उद्धार के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराया था, लेकिन जैसे-जैसे स्थिति सामान्य होने लगी, तत्काल सहायता की मांग में कमी आई। इसके बावजूद सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर आवश्यक कदम उठाने को तैयार है।

उल्लेखनीय है कि युद्ध के दौरान ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे, जिससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ गई थी। इस क्षेत्र में करीब 17 लाख नेपाली नागरिक कार्यरत हैं, जिनकी सुरक्षा को लेकर नेपाल सरकार सतर्क है।

युद्ध का असर खासतौर पर होटल, रेस्टोरेंट और सेवा क्षेत्र पर पड़ा है, क्योंकि पर्यटकों की आवाजाही में कमी आई है। हालांकि, अब तक इन क्षेत्रों में कार्यरत नेपाली श्रमिकों की ओर से किसी गंभीर समस्या या रोजगार छिनने की औपचारिक शिकायत सामने नहीं आई है। सरकार का कहना है कि वह स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर नागरिकों की सहायता के लिए हर संभव कदम उठाएगी।

# नेपाल मेडिकल काउंसिल ने 17 डॉक्टरों का लाइसेंस रद्द किया




**काठमांडू, (हि.स.)** नेपाल मेडिकल काउंसिल ने नेपाली नागरिकता छोड़कर विदेशी नागरिकता लेने वाले 17 डॉक्टरों के मेडिकल लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। काउंसिल द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि नेपाल मेडिकल काउंसिल अधिनियम, नियमावली और नागरिकता कानून के प्रावधानों के अनुसार यह कार्रवाई की गई है।

सूचना के मुताबिक, जिन डॉक्टरों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं, उनमें डॉ. शर्मिला गुरुङ, डॉ. रोशन भुषाल, डॉ. मोति गुरुङ, डॉ. देवराज रेग्मी, डॉ. मेरिना गुरुङ, डॉ. निरंजनदेव पांडे, डॉ. रोजन केसी, डॉ. ममता गुरुङ, डॉ. राजीव हमाल, डॉ. सलुजा सिंह थारू, डॉ. सुजना केसी, डॉ. जोस्ना शाही, डॉ. मनीषा हमाल, डॉ. सुप्रिया शाक्य सहित अन्य शामिल हैं।

## आईपीएल 2026: संजू सैमसन तीसरे, अंशुल कंबोज पर्पल बरकरार



**नई दिल्ली, (हि.स.)**
इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 103 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की, जिसके बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में भी अहम बदलाव देखने को मिले।
ऑरेंज कैप की रेस में संजू सैमसन तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। सैमसन ने अब तक टूर्नामेंट में दो शतक लगाए हैं और उनके कुल रन 293 हो गए हैं। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के अभिषेक शर्मा (323 रन) और हेनरिक क्लासेन (320 रन) अभी भी पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। ऑरेंज कैप की सूची में शुभमन गिल 265 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 247 रन के साथ छठे और रजत पाटीदार 230 रन के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। आगामी मुकाबलों में इन खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव संभव है

## धर्मशाला स्पोर्ट्स सिटी 27 अप्रैल से फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**धर्मशाला, (हि.स.)**
धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में 27 अप्रैल से 3 मई तक 38वां अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं कैप्टन दल बहादुर थापा मेमोरियल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित होगा। 1989 से जारी यह आयोजन वीर शहीदों को समर्पित है और देशभर की टीमों को मंच देता है। उद्घाटन पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी करेंगे, जबकि समापन पर सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज विजेताओं को सम्मानित करेंगे। इस बार 14 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें आरबीआई मुंबई, सीआईएसएफ, गोरखा राइफल्स और अन्य प्रमुख क्लब शामिल हैं। एक मई को सांस्कृतिक कार्यक्रम में नेपाली-गोरखाली नृत्य और झमाकड़ा प्रस्तुत होगा। साथ ही 11 स्कूलों के बीच अंडर-19 मुकाबले भी होंगे, जो युवाओं के लिए खास आकर्षण बनेंगे।

## आरसीबी ने गुजरात को पांच विकेट से हराया




**बेंगलुरु, (हि.स.)**
इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 34वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हरा दिया। इसके साथ टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।
चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने साई सुदर्शन की शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 206 रन बनाकर जीत हासिल की। आरसीबी के लिए विराट कोहली ने 81 और देवदत्त पडिक्कल 55 रनों की अहम पारियां खेलीं। गुजरात की तरफ से राशिद खान ने दो विकेट चटकाए जबकि मोहम्मद सिराज, जेसन होल्डर और मानव सुथार को एक-एक सफलता मिली। इस मैच में कोहली को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
इससे पहले गुजरात ने आरसीबी के सामने 206 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने साई सुदर्शन की शानदार शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 205 रन बनाए थे। सुदर्शन ने अपनी पारी में 11 चौके और 5 छक्के लगाए। सुदर्शन लगातार 3 सीजन में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हो गए, कप्तान शुभमन गिल 32 और जोश बटलर ने 25 रन का योगदान दिया। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार, हेजलवुड और सुयश ने एक-एक विकेट झटके।

## थॉमस कप में लक्ष्य सेन की हार, भारत ने बढ़त बनाई



**नई दिल्ली, (हि.स.)**
डेनमार्क के हॉर्सेन्स में खेले जा रहे थॉमस कप में भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की मजबूत शुरुआत करते हुए 3-1 की बढ़त बना ली है। मुकाबले में भारत ने शुरुआती झटके के बाद शानदार वापसी की। पहले मैच में लक्ष्य सेन को विक्टर लाई के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-18, 19-21, 10-21 से हार झेलनी पड़ी। हालांकि इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार तीन जीत दर्ज कर स्थिति संभाल ली।
आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को सीधे गेम में हराया। इसके बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने जोनाथन लाई और केविन ली को आसानी से मात दी। हरिहरन अम्साकरुनन और एम.आर. अर्जुन की जोड़ी ने भी एकतरफा जीत दर्ज की। किदांबी श्रीकांत का मुकाबला अभी बाकी है।

## पंजाब किंग्स के अर्शदीप सिंह ने बच्चों से की मुलाकात, 'द रियल किंग्स' में दिखा खास अंदाज

**न्यू चंडीगढ़, (हि.स.)**
पंजाब किंग्स के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने हाल ही में युवा प्रशंसकों के एक समूह से मुलाकात कर उनके साथ खुलकर बातचीत की। यह विशेष सत्र फ्रेंचाइजी की नई सोशल मीडिया सीरीज 'द रियल किंग्स' का हिस्सा था। नाम्मयोहो दान फाउंडेशन और फूलवर्षा फाउंडेशन के सहयोग से लाये गए एक स्थानीय गैर-सरकारी संगठन से जुड़े बच्चों ने अर्शदीप से बेझिझक सवाल पूछे। इस अनौपचारिक और भावनात्मक माहौल में अर्शदीप ने हर सवाल का जवाब अपने खास अंदाज में दिया। मैदान के बाहर अपने सहज और मिलनसार व्यवहार के लिए जाने जाने



वाले अर्शदीप सिंह ने बच्चों के साथ बातचीत में अपनी वही छवि दिखाई। वीडियो में वह ईमानदार, मजाकिया और सहज अंदाज में नजर आए, जहां उन्होंने बच्चों के अनोखे सवालों का दिलचस्प जवाब दिया।
अर्शदीप सोशल मीडिया पर भी अपने प्रशंसकों से जुड़े रहते हैं और मजेदार वीडियो के जरिए संवाद बनाए रखते हैं। इस पहल के जरिए उन्होंने यह दिखाया कि वह मैदान के बाहर भी युवा प्रशंसकों से जुड़ाव को कितना महत्व देते हैं।
साल 2020 में स्थापित नाम्मयोहो दान फाउंडेशन ने 'हस्ती मस्ती खेल' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देशभर के हजारों बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। यह पहल खेल गतिविधियों और सामुदायिक सहभागिता के जरिए बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने पर केंद्रित है। इसके अलावा, यह संस्था स्कूल फीस सहायता और शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराती है।
'द रियल किंग्स' सीरीज के तहत आने वाले हफ्तों में पंजाब किंग्स के अन्य खिलाड़ी भी ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेते नजर आएंगे, जिससे टीम और समुदाय के बीच मजबूत जुड़ाव बनाया जा सके।
गौरतलब है कि पंजाब किंग्स अब 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

## शांभवी-दिव्यांशु ने जूनियर विश्व रिकॉर्ड संग मिक्स्ड एयर राइफल स्वर्ण



**नई दिल्ली, (हि.स.)**
भारत की 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम में शांभवी क्षीरसागर और दिव्यांशु देवांगन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 499.9 के जूनियर विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ भारत को आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में चौथा स्वर्ण पदक मिला। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने 632.0 के संयुक्त स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया था।
फाइनल में उन्होंने दबाव के बीच बेहतरीन संयम दिखाया और चीनी ताइपे की त्साई चिपह-यिंग व चेन यू-आन की जोड़ी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 498.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। वहीं, फ्रांस की टिफेन पोमेस और गैस्पार्ड लेसिएर ने 434.4 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया।
पुरुषों की जूनियर 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा में भारत के समीर ने 573 अंक के साथ क्वालिफिकेशन में दूसरा स्थान पाकर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। काहिरा में जारी इस प्रतियोगिता में भारत 12 पदकों के साथ शीर्ष पर है।

## मैड्रिड ओपन में नडाल की वापसी, बर्नाबेउ फ्रेंडली मैच



**मैड्रिड, (हि.स.)**
स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर नजर आए, जब उन्होंने मैड्रिड ओपन के दौरान सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में बने अस्थायी कोर्ट पर हिस्सा लिया।
मैड्रिड ओपन के आयोजकों ने बर्नाबेउ स्टेडियम के मैदान पर अस्थायी टेनिस कोर्ट तैयार किया है, जहां खिलाड़ी 30 अप्रैल तक अभ्यास कर सकेंगे। हाल ही में संन्यास ले चुके नडाल, जो रियल मैड्रिड के बड़े प्रशंसक हैं, इस टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने इसे पांच बार जीता है।
इस खास मौके पर नडाल ने रियल मैड्रिड के गोलकीपर थिबो कुर्तुआ के साथ मिलकर एक फ्रेंडली सत्र में हिस्सा लिया, जिसमें उनके सामने विश्व नंबर एक यानिक सिनर और रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंघम की जोड़ी थी।
बेलिंघम इससे पहले बुधवार को मैड्रिड ओपन में मौजूद थे, जहां उन्होंने युवा स्पेनिश खिलाड़ी राफेल जोदार का मुकाबला देखा, जिन्होंने टूर्नामेंट में अपना डेब्यू किया। हालांकि मुख्य मुकाबले स्पेन की राजधानी स्थित काजा मागिका में खेले जा रहे हैं।

## पीटर सिडल का बीबीएल में वापसी का रास्ता साफ, अनधिकृत लीग में खेलने से लगा बैन


## पीटर सिडल पर प्रतिबंध के बाद बीबीएल वापसी तय

**अनधिकृत लीग बनी वजह**

**नई दिल्ली,**
ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पीटर सिडल को अनधिकृत 'वर्ल्ड लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग' में हिस्सा लेना भारी पड़ा। जनवरी-फरवरी में गोवा में आयोजित इस टूर्नामेंट को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मान्यता प्राप्त नहीं थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नियमों के मुताबिक, ऐसे टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ियों पर कम से कम छह महीने का प्रतिबंध लगाया जाता है। इसी नियम के तहत सिडल को 'मान्यता प्राप्त क्रिकेट' से अस्थायी रूप से दूर रहना होगा।

**ईसीबी ने लगाया छह महीने का बैन**

इस मामले में इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने सिडल



पर छह महीने का प्रतिबंध लागू किया है। इसके कारण वे इस साल काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशायर के लिए टी-20 ब्लास्ट नहीं खेल पाएंगे। नॉटिंघमशायर के क्रिकेट निदेशक मिक न्यूवेल ने इस पर निराशा जताई, क्योंकि टीम सिडल जैसे अनुभवी गेंदबाज को शामिल करने के लिए उत्साहित थी। प्रतिबंध के चलते उनका यह अनुबंध प्रभावी नहीं हो सका।

**बीबीएल में वापसी का रास्ता साफ**

हालांकि, सिडल के लिए राहत की खबर यह है कि उनका प्रतिबंध 2 फरवरी को खेले गए अंतिम मैच से छह महीने बाद समाप्त हो जाएगा। ऐसे में दिसंबर में शुरू होने वाली बिग बैश लीग में उनकी वापसी लगभग तय है। वे मेलबर्न स्टार्स के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिनके साथ उन्होंने हाल ही में एक साल का नया अनुबंध भी किया है।

**टी-20 में बरकरार है धार**

41 वर्षीय सिडल भले ही 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और हाल में फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास ले चुके हों, लेकिन टी-20 में उनका प्रदर्शन अब भी प्रभावशाली है। पिछले दो सीजन में उन्होंने मेलबर्न स्टार्स के लिए 28 विकेट लिए और औसत करीब 20 रहा। इसके अलावा, पाकिस्तान सुपर लीग में भी वे शानदार फॉर्म में हैं, जहां 9 मैचों में 12 विकेट लेकर शीर्ष गेंदबाजों में शामिल हैं।
इस पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट है कि सिडल को अल्पकालिक झटका जरूर लगा है, लेकिन उनकी लय और अनुभव को देखते हुए बीबीएल में उनकी वापसी मजबूत मानी जा रही है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम लिए गोलकीपिंग कैंप, विलियमसन प्रशिक्षण



**बेंगलुरु, (हि.स.)**
बेंगलुरु में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 22 अप्रैल से 2 मई तक विशेष गोलकीपिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में चल रहा है, जिसका संचालन अनुभवी कोच डेविड विलियमसन कर रहे हैं, जबकि मुख्य कोच सजॉर्ड मारिज्ने इसकी निगरानी में जुटे हैं। कैंप में सविता, बंसारी सोलंकी, बिचू देवी खारीबाम और माधुरी किंडो जैसी प्रमुख गोलकीपर हिस्सा ले रही हैं।
इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले टीम की गोलकीपिंग को और मजबूत करना है। खास बात यह है कि जूनियर खिलाड़ियों को भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ अभ्यास का मौका दिया जा रहा है, जिससे उनके कौशल और आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके।
कैंप को आनंदना – द कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है, जो महिला हॉकी के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। डेविड विलियमसन के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव है, जो खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निखारने में मददगार साबित हो रहा है।